# नानक और कबीर का तुलनात्मक भाषा वैज्ञानिक अध्ययन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी॰ फिल्॰ उपाधि-हेतु प्रस्तुत
शोध-प्रबन्ध


निर्देशक

डॉ॰ मातावदल जायसवाल

अवकाश प्राप्त प्रोफेसर (हिन्दी विभाग)

इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

प्रस्तुतकर्त्री

मधुताम्बे



हिन्दी विभाग

इलाहाबाद विश्वविद्यालय

इलाहाबाद

1993

## प्राक्कथन

# प्राक्कथन

एम०ए० हिन्दी द्वितीय वर्ष में डॉ० रामकिशोर शर्मा की अध्यापन शैली व गुरुदेव श्री मातावदल जायसवाल व डॉ० हरदेव बाहरी की पुस्तक का अध्ययन करने के बाद अध्यापन शैली में इतनी अभिरुचि उत्पन्न हुई कि मैंने निश्चय कर लिया कि भाषा वैज्ञानिक विषय लेकर ही हिन्दी में शोधकार्य करूँगी । और अपने पूज्य पिता जी के सपनों को साकार करने का मौका मिला कि उनकी छोटी बेटी डी०फिल० करें उन्हीं की पूज्य इच्छा व अपनी अभिरुचि के कारण मैंने अपने गुरुवर प्रो० श्री मातावदल जायसवाल जी की प्रेरणा व लगन ने मुझे इस कार्य को करने में पूरी-पूरी मदद दी । बाद में श्री माता बदल जायसवाल जी के निर्देशन में ही मैंने विषय चुना" नानक और कबीर का भाषा वैज्ञानिक तुलनात्मक अध्ययन " ।

मैंने अपने शोध- प्रबन्ध में नानक और कबीर के जीवन परिचय पर भी दृष्टि डाली है, जो आज तक स्पष्ट रूप से सामने एक मत में नहीं आया है । और इनकी भाषा का प्रयोग किस प्रकार से हुआ है इसकी रूपरेखा खींचने का प्रयत्न किया है । चूंकि 15वीं व 16वीं शताब्दी में संत कवि [नानक] पंजाबी और राजस्थानी (खड़ी बोली) [कबीर] अवधी, ब्रज आदि का प्रयोग करते हैं । नानक के भाषा को जानने के लिये बहुत कुछ सहारा "गुरु ग्रंथ

प्राक्कथन

एम०ए० हिन्दी द्वितीय वर्ष में डॉ० रामकिशोर शर्मा की अध्यापन शैली व गुरुदेव श्री माताबदल जायसवाल व डॉ० हरदेव बाहरी की पुस्तक का अध्ययन करने के बाद अध्यापन शैली में इतनी अभिरुचि उत्पन्न हुई कि मैंने निश्चय कर लिया कि भाषा वैज्ञानिक विषय लेकर ही हिन्दी में शोधकार्य करूँगी । और अपने पूज्य पिता जी के सपनों को साकार करने का मौका मिला कि उनकी छोटी बेटी डॉ०फिल० करें उन्हीं की पूज्य इच्छा व अपनी अभिरूचि के कारण मैंने अपने गुरूवर प्रो० श्री माताबदल जायसवाल जी की प्रेरणा व लगन ने मुझे इस कार्य को करने में पूरी-पूरी मदद दी । बाद में श्री माता बदल जायसवाल जी के निर्देशन में ही मैंने विषय चुना" नानक और कबीर का भाषा वैज्ञानिक तुलनात्मक अध्ययन " ।

मैंने अपने शोध- प्रबन्ध में नानक और कबीर के जीवन परिचय पर भी दृष्टि डाली है, जो आज तक स्पष्ट रूप से सामने एक मत में नहीं आया है । और इनकी भाषा का प्रयोग किस प्रकार से हुआ है इसकी रूपरेखा खींचने का प्रयत्न किया है । चूंकि 15वीं व 16वीं शताब्दी में संत कवि {नानक} पंजाबी और राजस्थानी (खड़ी बोली) {कबीर} अवधी, ब्रज आदि का प्रयोग करते हैं । नानक के भाषा को जानने के लिये बहुत कुछ सहारा "गुरु ग्रंथ

साहब के महला - । से व नानक वाणी जयराम मिश्र को अध्ययन कर विश्लेषण किया गया है । "गुरू ग्रंथ साहब जी" पर पंजाबी लहंदा का प्रभाव होने के कारण उसकी भाषा को समझने में कठिनाई का अनुभव हुआ किन्तु गुरुदेव प्रो० माता बदल जायसवाल ने कुछ सबद समझाया जिससे विषय अब इतना कठिन नहीं रह गया था । साथ ही नानक वाणी -डॉ० जय राम मिश्र की पुस्तक की सहायता से विषय सुगम होता चला गया । फलस्वरूप कबीर की भाषा के सधुक्कड़ी पंचमेल, खिचड़ी, अपरिष्कृत काव्य भाषा की तरफ कुछ संकेत नहीं किया गया है केवल कबीर के जन्म मृत्यु के आधार पर विद्वानो ने इनकी उस स्थान की भाषा के तरफ संकेत किया है । उक्त प्रकार के निर्णयों में या तो कोई पूर्वाग्रह था या न्यायपूर्ण, वैज्ञानिक और अपेक्षित विस्तृत अध्ययन का अभाव । अतएव §15वीं 16वीं शती § संत कवि नानक और कबीर के अकृत्रिम समृद्ध बिना किसी पूर्वाग्रह के वस्तुपरक तथा भाषा वैज्ञानिक विश्लेषण निष्कर्ष के उद्देश्य से माननीय गुरू §श्री माता बदल जायसवाल जी ने §15वीं व 16 वीं § शती के नानक और कबीर का भाषा वैज्ञानिक तुलनात्मक अध्ययन " का शोध कार्य मुझे सौंपा ।

वस्तुत: उक्त विषय पर कार्य करने के लिए अधिक उत्साह उत्पन्न हुआ क्योंकि कबीर कृतियों की प्राप्त ~~प्रम्प्त~~ समस्त आधार पर तथा पाठालोचन के आधुनिक सिद्धान्तों के आधार पर डॉ० पारसनाथ

तिवारी द्वारा सम्पादित "कबीर ग्रन्थावली नाम से एक अपेक्षित पाठ सुलभ था । यह पाठ शोधकार्य प्रारम्भ करने के लिए प्राप्त सभी पाठों की अपेक्षा ( वैज्ञानिक पद्धति से सम्पादित होने के कारण ) अधिक प्रमाणिक था दूसरे यह हमारे ही विश्वविद्यालय ( प्रयाग ) में (डी०फिल०) आदि उपाधि के लिए स्वीकृत ( सम्पादित पाठ था अतएव प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के लिए इसी पाठ का अध्ययन का आधार बनाना स्वाभाविक था । पाठ को आधार बनाकर भाषा वैज्ञानिक विश्लेषण करने का सुअवर मेरे गुरुजन प्रस्तुत शोधकार्य प्रबन्ध के निर्देशक श्री माता बदल जायसवाल डॉ० पारसनाथ तिवारी (भू०पू० रीडर प्रयाग विश्वविद्यालय ने दिया । ) ।

इस प्रकार सम्पादन की वैज्ञानिकता, पाठ की सुलभता गुरुजनों के सुझाव आदि को दृष्टि में रखते हुये कबीर ग्रन्थावली व संतबानी संग्रह को ही प्रस्तुत अध्ययन के लिए आधार बनाया ।

प्रस्तुत अध्ययन प्रारम्भ करने के पहले वर्णनात्मक भाषा वैज्ञानिक के आधार पर सर्वप्रथम कार्डों पर ध्वन्यात्मक और पदात्मक सामग्री ली गई । वाक्यात्मक तथा शब्द कोषात्मक कार्य को इसमे स्थानाभाव के कारण सम्मिलित नहीं किया गया । इन समस्त सामग्री को क्रम से लगाने का प्रयत्न किया गया और इस प्रकार संकलित सामग्री को शोध प्रबन्ध ।8 अध्यायों के अन्तर्गत विभाजित किया गया ।

अध्याय की संख्या अधिक होने का कारण नानक कबीर की दोनों की तुलना दिखाने के कारण बढ़ गया है । §1§ कबीर का जीवन परिचय §2§ नानक का जीवन परिचय §3§ कबीर ध्वनिग्रामिक अनुशीलन §4§ नानक - ध्वनिग्रामिक अनुशीलन §5§ कबीर का पद विचार §6§ नानक पद विचार §7§ कबीर संज्ञा §8§ नानक संज्ञा §9§ कबीर सर्वनाम §10§ नानक सर्वनाम §11§ कबीर विशेषण §12§ नानक विशेषण §13§ कबीर- क्रिया §14§ नानक क्रिया §15§ कबीर का अव्यय §16§ नानक का अव्यय §17§ नानक और कबीर के भाषा वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रभावित करने वाले सांस्कृतिक स्रोत । §18§ नानक -कबीर की संज्ञा, सर्वनाम विशेषण, क्रिया, अव्यय का तुलनात्मक अध्ययन ।

15वीं व 16 वीं शताब्दी में प्राप्त सन्त साहित्यों के ध्वन्यात्मक एवं पदात्मक रूप की विशेषताओं के दृष्टिकोण से स्पष्ट हो जाता है कि इस युग के संत साहित्य में खड़ी बोली का वही रूप प्रयुक्त हुआ है जो विशेषत: पश्चिमी हिन्दी और सामान्यत: हिन्दी प्रदेश तथा हिन्दीतर प्रदेश में प्रचलित थी । उस समय की जनभाषा यही रही होगी, तभी संत महात्माओं ने अपने विचारों को जन सामान्य तक पहुँचाने के लिए इसी भाषा को अपनाया होगा इस समय तक खड़ी बोली प्रारम्भिक अवस्था में थी यही कारण है कि इसमें अन्य भाषाओं ब्रज, अवधी , पंजाबी, सेहंदा, राजस्थानी, गुजराती के रूप मिलते हैं ।

साथ ही इसमें ध्वनि तथा व्याकरिक कोटियों में एक रूपता नही मिलती वरन विविधता है। किन्तु इस समय की भाषा में आज की मानक हिन्दी का मौलिक रूप सुरक्षित था जो कि विकसित होकर आज देश में राज्य भाषा और राष्ट्रभाषा का गौरव प्राप्त कर सकी।

प्रस्तुत प्रबन्ध में प्रयत्न किया गया है कि ध्वन्यात्मक तथा व्याकरणिक पदात्म संगठन में जितने भी प्रयोग मिले हैं उन्हें बिना किसी पूर्वाग्रह के ज्यों का त्यों प्रस्तुत कर दिया जाय और उसका विवेचन तथा विश्लेषण के ध्वनिग्रामिक अनुशीलन, पदग्राम, संज्ञाप्राति-पदिक, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, अव्यय और नानक कबीर की भाषा की तुलना इस लिए एक ही व्याकरणिक अर्थ को प्रकट करने के लिए जो भिन्न-भिन्न पद मिलते हैं उन सभी पदों की सापेक्षिक प्रयोगवृत्तियों के आधार पर यह संकेत कर दिया गया है कि प्रधान पद अथवा पदग्राम तथा गौणपद अथवा सहपदग्राम कौन हैं। इस प्रकार नानक-कबीर की भाषा वैज्ञानिक तुलनात्मक अध्ययन का मूल ढांचा स्पष्ट हो जाता है।

मेरा यह शोध प्रबन्ध मेरे निर्देशक के उचित निर्देशन का ही परिणाम है। उनके निर्देशन, सहयोग उत्साह तथा प्रेरणा से यह जटिल कार्य सुगम होता चला गया, और यही कारण है कि मैं कभी कार्य से हतोत्साह न हो सकी। अपने गुरुदेव के विषय में कुछ कहना

छोटे मुँह बड़ी बात होगी । मैं केवल इतना ही कह सकती हूँ कि उनके प्रति मेरा हृदय अपार श्रद्धा से नतमस्तक है ।

इस शोध प्रबन्ध में अनेक विद्वानो व महानुभावों के प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष डॉ0 राम किशोर शर्मा, डॉ0 दूधनाथ सिंह डॉ0 यू0 एन0 सिंह , - तथा हिन्दी विभाग के अन्य प्रवक्ताओं के प्रति आभार प्रकट करती हूँ जिनके ग्रन्थों तथा प्रत्यक्ष सम्पर्क से मुझे प्रेरणा तथा निर्देशन प्राप्त हुआ है । विभागाध्यक्ष डॉ0 राजेन्द्र कुमार वर्मा ने इस विषय पर कार्य करने की स्वीकृति प्रदान कर प्रेरणा से जो योगदान दिया है उसके लिए उनके प्रति मैं कृतज्ञ हूँ ।

इसके अतिरिक्त इलाहाबाद विश्वविद्यालय पुस्तकालय, हिन्दी विभागीय पुस्तकालय, हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के संग्रहालय से जो मुझे सहायता मिली उसके लिए मैं कृतज्ञ हूँ । परम मित्र श्री प्रकाश जी का बहुत ही योगदान रहा है जिन्होंने समय-समय पर सक्रिय सहयोग दिया ।

टंकण सम्बन्धी कार्य को श्री राजबहादुर पटेल, खन्ना ब्रदर्स ने बड़ी जागरूकता तथा सहयोग से सम्पन्न किया जिसके लिए मैं आभार प्रकट करती हूँ । शोध प्रबन्ध के टंकण सम्बन्धी भूलों के लिए क्षमा प्रार्थी हूँ ।

अन्त मे हिन्दी विभाग, प्रयाग विश्वविद्यालय के प्रति विशेष रूप से अनुगृहीत हूँ जिसके तत्वाधान मे मेरा यह कार्य सम्पन्न हो सका ।

मधुलाम्बे 30.12.94

1993 मधुलाम्बे

## संकेतिका

| | |
|---|---|
| क0 | कबीर |
| ना0दे0 | नानकदेव |
| क0ग्रं0 | कबीर ग्रन्थावली |
| ग्रं0 सा0 | ग्रन्थ साहब |
| सा0 | साखी |
| प0 | पद |
| र0 | रमैनी |
| आ0भा0आ0भा0 | आधुनिक भारतीय आर्य भाषा |
| सर्व0 | सर्वनाम |
| वि0 | विशेषण |
| क्रि0 | क्रिया |
| क्रि0 वि0 | क्रिया विशेषण |
| सर्व0मू0 | सर्वनाम मूलक |
| तत्स0 | तत्सम |
| तद्0 | तद्भव |
| विदे0 | विदेशी |
| प्रत्य0 | प्रत्यय |
| पृ0 | पृष्ठ |

| | |
|---|---|
| वि०ए०व० | विकृत एक वचन |
| ब०व० | बहुवचन |
| उ०पु० | उत्तम पुरुष |
| म०पु० | मध्यम पुरुष |
| अ० पु० | अन्य पुरुष |
| > | विकास का चिह्न |
| + | योग का चिह्न । |
| भू० पू० | भूतपूर्व |

अनुक्रमणिका

अनुक्रमणिका


विषय पृष्ठ संख्या

अध्याय - 1 - क

कबीर का जीवन वृत्त एवं कृतित्व 1-55

अध्याय-1- ख

नानक का जीवन वृत्त एवं कृतित्व 56-63

अध्याय-2- क 64-107

कबीर का ध्वनिग्रामिक अनुशीलन

स्वर ध्वनिग्राम

व्यंजन ध्वनिग्राम

ध्वनिपरिवर्तन

अक्षर

अध्याय2- ख 108-145

नानक का ध्वनिग्रामिक अनुशीलन

स्वर, ध्वनिग्राम, व्यंजन ध्वनिग्राम, खंडेतर ध्वनिग्राम स्वर ध्वनिग्रामवितरण, व्यंजन वितरण, स्वर ग्राम-चार स्वरो के संयोग, तीन स्वरो के स्वर संयोग, दो स्वरों का स्वर संयोग, तीन स्वरो का स्वर संयोग दो स्वरो का स्वर संयोग, संयुक्त व्यंजन या

पृष्ठ संख्या

व्यंजन गुच्छ-तीन व्यंजनो के व्यंजन संयोग
दो व्यंजनो के व्यंजन संयोग, समवर्गीय
व्यंजन संयोग, अक्षर, सन्धि प्रक्रिया मुक्त
पदग्राम+ व्युत्पादक प्रत्यय, मुक्त पदग्राम+
विभक्ति मूलक प्रत्यय, मुक्त पदग्राम

अध्याय - 5 - क 146- 156

कबीर पद विचार

प्रत्यय प्रक्रिया, व्युत्पादक प्रत्यय उपसर्ग
व्युत्पादक परप्रत्यय, संज्ञाबोधक
विशेषण बोधक प्रत्यय
लघुता वाचक संज्ञा

अध्याय5-ख 157- 166

नानक पद विचार

प्रत्यय, प्रक्रिया, व्युत्पादक प्रत्यय -उपसर्ग
व्युत्पादक पर प्रत्यय -संज्ञाबोधक
विशेषण बोधक प्रत्यय
लघुता वाचक

पृष्ठ संख्या

अध्याय - 4 - क 167 - 212

कबीर संज्ञा या पद ग्रामिक अनुशीलन

संज्ञापद, मूल, पुल्लिंग संज्ञापद§आकारान्त क्रम से§

व्युत्पन्न

स्त्रीलिंग संज्ञापद

लिंग

वचन

कारक प्रत्यय

अध्याय4- ख 213- 258

नानक संज्ञा

मूल संज्ञा प्रातिपदिक, व्युत्पन्न संज्ञा प्रातिपदिक

अन्त्य ध्वनिग्राम के अनुसार प्रातिपदिकों का

वर्गीकरण, स्वरान्त प्रातिपदिक, व्यंजनान्त

प्रातिपदिक स्वरान्त पुलिंग प्रातिपदिक,

व्यंजनान्त पुलिंग प्रातिपदिक, स्वरान्त स्त्रीलिंग

प्रातिपदिक, स्त्रीलिंग, प्रत्यय, संज्ञा विभक्ति,

वचन, विकृत रूप-एक वचन , मूल रूप, बहुवचन,

मूल रूप स्त्रीलिंग बहुवचन , बहुवचन तिर्यकरूप,

कारक रना, कारक विभक्ति, संयोगी विभक्ति

पृष्ठ संख्या

कर्ता कारण कर्म- सम्प्रदान कारक , करण - अपादान, सम्बन्ध कारक, अधिकरण कारक, वियोगात्मक कारण विभक्ति कारक परसर्ग, कर्ता कारक परसर्ग, कर्म सम्प्रदान, करण - अपादान, सम्बन्ध कारक, अधिकरण, संबोधन कारक, कारक- परसर्गवत् प्रयुक्त अन्य शब्द या प्रत्यय ।

अध्याय5- क | 259-294

कबीर सर्वनाम

पुरूष वाचक, मू०ए०, ए०व०, ब०व०

उत्तम पुरूष, एकवचन, वि०, ब०व०

मध्यम पुरूष एकवचन ब०ब०

अन्य पुरूष एक वचन, बहुव०

निश्चयवाचक निकटवर्ती ए०व०, ब०व०

निश्चयवाचक दूरवर्ती, ए०व० ब०व०

अनिश्चय वाचक- ए०व० ब०व०

प्रश्नावाचक - ए०व० ब० व०

पृष्ठ संख्या

निजवाचक - ए०व० ब०व०

अन्य सर्वनाम - ए०व० ब० व०

अध्याय5- (प) 295- 323

नानक सर्वनाम

पुरूषवाचक, उत्तमपुरूष, मध्यपुरूष,

निश्चयवाचक-निकटवर्ती, दूरवर्ती, निजवाचक

सम्बन्ध वाचक, सह सम्बन्ध वाचक, अनिश्चय

वाचक, प्राणिवाचक, अप्राणिवाचक, अन्य सर्वनाम

सार्वनामिक विशेषण, मूलसार्वनामिक विशेषण,

यौगिक-गुण या प्रणाली बोधक, परिमाणबोधक

सार्वनामिक क्रिया विशेषण, संयुक्त सर्वनाम ।

अध्याय6- (क) 324- 333

कबीर विशेषण

सार्वनामिक विशेषण

गुणवाचक विशेषण

संख्यावाचक-

पूर्ण

अपूर्ण

क्रम

गुना

पृष्ठ संख्या

अध्याय6- 12 334-342

नानक विशेषण

गुणवाचक, परिमाणवाचक, संकेतवाचक, विशेषण

संख्यावाचक, पूर्णनिश्चित संख्या वाचक, क्रम

संख्या वाचक, आवृत्तिमूलक, अपूर्ण संख्या वाचक

आवृत्तिमूलक, अपूर्णसंख्यावाचक, संख्यागुनाबोधक

अनिश्चय संख्यावाचक, अवधारणवाचक ।

अध्याय7- 13 343-379

कबीर- क्रिया

सहायक क्रिया

कृदन्त

काल- साधारण काल

वर्तमान - संभावनार्थ

वर्तमान- आज्ञार्थ

वर्तमान -सामान्य

भूत निश्चयार्थ

भूत संभावनार्थ

पृष्ठ संख्या

भविष्य निश्चयार्थ

भविष्य संभावनार्थ

भविष्य संयुक्त काल

प्रेरणार्थक क्रिया

कर्मवाच्य

कर्मणि प्रयोग

संयुक्त क्रिया

अध्याय7- ख 380 - 431

नानक - क्रिया

सहायक क्रिया- वर्तमान निश्चयार्थ, वर्तमान संभावनार्थ , वर्तमान आज्ञार्थ, भूतनिश्चयार्थ, भूत संभावनार्थ भविष्य निश्चयार्थ, भविष्य संभावनार्थ, भविष्य आज्ञार्थ, कृदन्त- वर्तमान कालिक कृदन्त, भूतकालिक कृदन्त, क्रियार्थक संज्ञा, कर्तृवाचक कृदन्त, पूर्वकालिक, भूतक्रिया द्योतक, वर्तमान क्रिया द्योतक, तात्कालिक, काल रचना - साधारण काल या मूल काल वर्तमान

पृष्ठ संख्या

निश्चयार्थ, वर्तमान संभावनार्थ, वर्तमान
निश्चयार्थ, वर्तमान संभावनार्थ, वर्तमान
आज्ञार्थ आदरार्थ, भूतनिश्चयार्थ, भूतसंभावनार्थ
भविष्य निश्चयार्थ, भविष्य संभावनार्थ, संयुक्त
काल, प्रेरणार्थक क्रिया, कर्मवाच्य, कर्मणि प्रयोग,
संयुक्त क्रिया, पूर्वकालिक कृदन्त+ सहायक क्रिया
क्रियार्थक संज्ञा-सहायक क्रिया, भूतकालिक कृदन्त+
सहायक क्रिया, भूतक्रिया द्योतक + सहायक क्रिया
पुनरूक्त संयुक्त क्रिया, वर्तमानकालिक कृदन्त +
सहायक क्रिया, वर्तमान क्रिया द्योतक+ सहायक
क्रिया, संज्ञा व विशेषण के योग से बनी हुए
संयुक्त क्रिया, क्रिया वाक्यांश । 432-442

अध्याय - 18 - क

कबीर- अव्यय

क्रिया- विशेषण
कालवाचक
स्थान वाचक

पृष्ठ संख्या

रीतिवाचक

निषेधवाचक

स्वीकार बोधक

सम्बन्ध बोधक

समुच्चयबोधक

विस्मयादि

अध्याय- ख 443-454

नानक - अव्यय

क्रिया - विशेषण,

स्थान वाचक (सर्वनाम मूलक)

स्थानवाचक-(संज्ञा, क्रिया, क्रिया-
विशेषण मूलक)

काल वाचक (सर्वनाम मूलक)

काल वाचक(संज्ञा, क्रिया, क्रिया
विशेषण मूलक)

रीतिवाचक( सर्वनाम मूलक

रीतिवाचक(संज्ञा, क्रिया, क्रिया विशेषण
मूलक)

गुण -परिमाणवाचक, निषेधवाचक,

(ओ)

पृष्ठ संख्या

अवधारण वाचक,
सम्बन्ध बोधक-सम्बन्ध सूचक, समुच्च बोधक,
संयोजक, विभाजक, विरोधक, दशावाचक
विस्मयादि बोधक । 455-459

अध्याय 9- ~~12~~
नानक और कबीर के भाषा वैज्ञानिक दृष्टि-
कोण को प्रभावित करने वाला सांस्कृतिक स्रोत। 460-477

अध्याय - 10
नानक- कबीर- की संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण,
क्रिया, अव्यय का तुलनात्मक अध्ययन । 478-479

पुस्तक - सूची

—

अध्याय – 1

नानक और कबीर का भाषा वैज्ञानिक तुलनात्मक अध्य

## -- अध्याय--प्रथम --

### कबीर का जीवन वृत्त, व्यक्तित्व व कृतित्व:--

ऐसे अनेक ग्रन्थ हैं जिनमें निर्गुण सन्त परम्परा में कबीर साहब के जीवन वृत्त एवं मत का उल्लेख हुआ है किन्तु ऐसी कोई रचना उपलब्ध नहीं है जिनमें उनके जन्मतिथि एवं निधन तिथि के विषय में किसी अधिकार के साथ चर्चा की गयी हो। कबीर साहब ने स्वयं इस विषय पर कुछ नहीं कहा। इनके समसामयिक समझे जाने वाले किसी इतिहासकार के रचना में इनका स्पष्ट उल्लेख नहीं हुआ है। जनश्रुति, अन्धविश्वास और छुट-पुट भ्रमात्मक प्रसंग है। जिन पर सहसा विश्वास कर लेना न्याय संगत नहीं दीखता। प्रो0 माताबदल जयसवाल के कूलजम-स्वरूप में--"खाने उमरो - एक मुश्की - इसरार है, हम उनके दौराने जिन्दगी के हालात से बिल्कुल नावाकिफ हैं।"

### जन्मकाल :--

प्रामणिक साक्ष्यों के अभाव में कबीर के जीवन-काल का निर्धारण अभी तक ठीक-ठीक नहीं हो पाया है। इनके जन्मकाल के सम्बन्ध में मुख्यरूप से दो दोहे प्रचलित हैं जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि इनका जन्मकाल क्या हो सकता है।

1:- "संवत बारह सौ पाँच में ज्ञानी कियों विचार काशी में प्रगट भयो, शब्द कहो टकसार ।।"

2:- "चौदह सौ पचपन साल गए, चन्द्रवार इक ठाट ठए ।
जेठ सुदी बरसायत को, पूरनमासी प्रगट भए ।।"

गणना करके देखने में 1455 या 1456 किसी भी ज्येष्ठ पूर्णिमा को सोमवार नहीं पड़ता । इस दोहे में उल्लिखित चन्द्रवार शब्द के सम्बन्ध में विद्वानों के विभिन्न मत हैं ।

डा0 माता प्रसाद गुप्त , डा0 रामचन्द्र वर्मा, डा0 पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल, डा0 श्यामसुन्दर आदि विद्वानों ने कुछ प्रमुख ग्रन्थों (कबीर पंथीय ग्रन्थ) को आधार मानकर कबीर का समय सं0 1455 या 1456 दिन सोमवार माना है । जबकि पारसनाथ तिवारी के गम्भीर अन्वेषण के बाद यह सिद्ध किया है कि सं0 1455 या 56 ज्येष्ठ पूर्णिमा को सोमवार नहीं पड़ता इस तर्क से ज्ञात होता है कि चन्द्रवार दिन का नहीं स्थान का सूचक है । [1]

''निर्भय ज्ञान' नामक एक प्राचीन कबीर पंथी ने कबीर तथा धर्मदास के काल्पनिक संवाद के रूप में कबीर साहब के अनेक जन्मों की कथाएं दी गयी हैं । धर्मदास के जिज्ञासा का इस प्रकार उल्लेख हुआ है ।

तहवाँ ते प्रभु कहा सिधाए । लीला सुनत हर्ष चितभाए ।।

---

1:- डा0 पारसनाथ तिवारी कबीरवाणी, द्वितीय संस्करण पृ0-15

धर्मदास के इस जिज्ञासा का समाधान कबीर साहब ने इस प्रकार किया है :--

हिम प्रगटे चन्दवारे जाई । पूरब प्रमल शब्द गुहराई ।।
बरसायत दिन हम प्रगटाना । ताल माहिं पुरहन भल जाना ।।[1]

'निर्भय ज्ञान' की दो हस्तलिखित प्रतियाँ प्राप्त हैं प्रथम सं0 1872 वि0 साधुकेतन दास द्वारा लिखित है तथा दूसरा सं0 1892 महंथ गरीबदास द्वारा रचित है । प्रथम कृति में दोहा, चौपाई बंध रूपान्तर मिलता है तथा दूसरे में प्रकाशित संस्करण से मिलता जुलता चौपाई पद्य रूपान्तर है ।

प्रथम पंक्ति इस प्रकार है --

चौ0 - पुनि प्रगटे चन्दवारे जाई । पुरबिक प्रेम सत गोहराई ।
सो0 - बरसाइत दिन प्रगटे । तकि पुरहन के पात ।।[2]

ज्ञानसागर नामक एक अन्य कबीर पंथीय ग्रन्थ में लगभग यही कहानी दूसरे रूप में दुहराई गई है ।

आसन करि आयो चंदवारा । चन्दन शाह तहाँ पगुधारा ।
बाल रूप धरि आयो तहवाँ । आठे पहर रहयो मैं जहवाँ ।।[3]

---

1:- सम्मेलन पत्रिका भाग 54, संख्या 1-2, डा0 पारसनाथ तिवारी कबीर का जन्मस्थान चन्दवार नामक निबन्ध पृ0-10 ।
2:- सम्मेलन पत्रिका भाग 54, संख्या 1-2, डा0 पारसनाथ तिवारी कबीर का जन्मस्थान चन्दवार नामक निबन्ध पृ0-19
3:- वही, पृ0-20

कबीर पंथीय ग्रन्थ 'अनुराग सागर' में चन्दवार स्थान की चर्चा इस प्रकार हुई है ।

परसौतम से हम चलि आई तब चन्दवारा प्रगटे जाई ।[1]

अत: ज्ञात होता है कि उपर्युक्त छंद का चन्द्रवार दिन का सूचक नहीं बल्कि उसी स्थान का सूचक है जिसका उल्लेख 'निर्भयज्ञान' 'ज्ञानसागर' 'अनुराग सागर' में मिलता है ।

निधनकाल :--

कबीर-निधन के सम्बन्ध में कबीरपंथी साहित्य में चार विभिन्न मतों का प्रतिपादन साक्ष्य प्रचलित है जो इस प्रकार है :--

1:- संवत पन्द्रह सौ पचहत्तरा, किया मगहर को गौन ।[2]
माघ सुदी एकादशी, रल्यौ पौन में पौन ।।

2:- पन्द्रह सौ पांच में, मगहर कीन्हो गौन ।
अगहन सुदि एकादशी, मिल्यौ पान में पौन ।।

3:- पन्द्रह सौ उनचास में, मगहर कीन्हों गौन ।
अगहन सुदि एकादशी, मिल्यौ पौन में पौन ।।

4:- संवत पन्द्रह सौ उनहत्तर रहाई ।
सतगुरु चले उठि हंसा ज्याई ।।

---

1:- वही पृ0-21 ।

2:- कबीर कसौटी बाबू लहना सिंह [भूमिका] पृ0- 3-4 [बम्बई सं0 1971] उत्तर भारत की संत परम्परा से उद्धृत ।

उपर्युक्त सभी छन्द मौलिक परम्परा में प्रचलित रहे हैं, उनके रचयिताओं का निश्चय पूर्वक निर्धारण करना बहुत कठिन है, किन्तु सं0 1575 वाला दोहा प्रसिद्ध फ्रांसीसी लेखक "गार्सी द तासी" की सं0 1896 में हिन्दी व हिन्दुस्तानी साहित्य का इतिहास लिखते समय किसी स्रोत से मिला था, जिससे यह सिद्ध होता है कि यह दोहा उपर्युक्त संवत से पूर्व भी प्रचलित रहा होगा । कबीर कसौटी के लेखक बाबू लेहना सिंह, कबीर पंथी के जनश्रुति के आधार पर यह बताया है कि श्री कबीर जी काशी में एक सौ बीस वर्ष रहकर मगहर को गए, काशी से माघसुदी एकादशी को दिन बुद्धवार सं0 1575 को मगहर के लिए प्रस्थान किया था । उस दिन छः मंजिल की दूरी तय कर वे मगहर पहुंच गये । वहां वर्तमान सानी नदी के किनारे स्थित किसी संत की एक छोटी सी कोठरी में प्रवेश कर तथा दरवाजा बन्द करके सो गए कुछ समय पश्चात एक अलौकिक ध्वनि के साथ वे सत्यलोक को सिधारे । उनकी अन्त्येष्ठि के सम्बन्ध में उनके दो शिष्यों नबाब बिजली खां पठान तथा वीर सिंह बघेल में परस्पर संघर्ष उठ खड़ा हुआ, परन्तु दरवाजा खोलने पर वहां केवल कमल पुष्प और चद्दर के अतिरिक्त कुछ अन्य वस्तु नहीं दिखाई पड़ी, फिर भी उन दोनों शेष सामानों को बांट कर अपनी-अपनी विधि के अनुसार अंत्येष्टि क्रिया पूरी की । किन्तु गणना करने पर सं0 1575 के माघ सुदी एकादशी (11, जनवरी 1519 ई0 को मंगलवार पड़ता है न कि बुद्धवार । [1]

---

1:- डा0 पारसनाथ तिवारी - कबीर वाणी द्वितीय संस्करण पृष्ठ - 36

उसी संवत के उक्त दोहे में कहीं-कहीं एगहन सुदी एकादशी को शुक्रवार पड़ता है । [1] इन तर्कों के आधार पर यह सिद्ध होता है कि जो जनश्रुति के आधार पर इनके मगहर प्रयाण का दिन बताया गया है वह युक्तसंगत नहीं दिखाई पड़ता । फिर भी बहुत से विद्वान सं0 1575 को ही कबीर की निधन तिथि मानने के पक्ष में हैं । आचार्य क्षितिमोहन सेन, डा0 पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल के आचार्य परशुराम चतुर्वेदी आदि उनकी निधन तिथि सं0 1505 मानने के पक्ष में हैं । डा0 पारसनाथ तिवारी ने गंभीर गवेषणा के उपरान्त कबीर का निधन तिथि सं0 1575 ही माना है । [2] सं0 1575 को कबीर साहब का मृत्यु-काल मानने के पक्ष में जनश्रुति के अतिरिक्त विद्वानों ने कुछ पुष्ट प्रमाण भी प्रस्तुत किए हैं जो इस प्रकार हैं ।

1:- कबीर साहब को सिकन्दर शाह लोदी (शासनकाल सं0 1546-1574 ने उनके धार्मिक सिद्धान्तों के कारण दण्डित किया था तथा उनके बनारस आने के समय अर्थात सं0 1551 में ही संभवत: उन्हें काशी छोड़कर मगहर जाना पड़ा था)।

2:- गुरू नानक देव (सं0 1526-1596) के साथ कबीर साहब की भेंट सं0 1553 (अर्थात गुरूनानक देव के 26वें वर्ष में हुई थी) ।

---

1:- डा0 पारसनाथ तिवारी - कबीरवाणी द्वितीय संस्करण, पृ0 - 3

2:- डा0 पारसनाथ तिवारी - कबीरवाणी द्वितीय संस्करण, पृ0 - 3

3:- कबीर साहब के प्रसिद्ध शिष्य धर्मदास ने सं0 1521 अर्थात कबीर के जीवनकाल में ही उनकी रचनाओं का संग्रह किया था ।

4:- कबीर साहब के जो प्रामाणिक चित्र उपलब्ध हैं उनसे उनके वृद्धावस्था का ज्ञान होता है और यह बात उनके जन्मकाल के सं0 1451-1456 से मेल खाती है ।

उपरोक्त किसी मत के आधार पर मृत्युकाल सं0 1575 सिद्ध नहीं होता सिकन्दर शाह लोदी वाले प्रसंग के विषय में भी किसी समकालीन इतिहासकार ने कोई उल्लेख नहीं किया है ।

समकालीन इतिहासकारों ने सिकन्दरशाह के समय में किसी धार्मिक विप्लव का होना स्वीकार किया है । कुछ विद्वानों के अनुसार एक ब्राह्मण सन्त को सिकन्दर शाह के अधिकारियों द्वारा प्राण दण्ड दिया जाना सिद्ध हुआ है किन्तु कबीर साहब को सिकन्दर शाह की आज्ञा द्वारा कष्ट पाना अथवा काशी से बाहर निकाल दिया जाना यह अनुमान और जनश्रुति के माध्यम से समझा जा सकता है । गुरुनानक से संत कबीर मिले थे, इसका कोई पुष्ट प्रमाण नहीं मिलता, केवल इतना ही पता चलता है कि संवत् 1553 या 1554 में एक बार स्नान करते समय किसी नदी के किनारे गुरु नानक देव से किसी एक सन्त से भेंट हुयी थी, जिनसे वे बहुत ही प्रभावित हुए थे । [1] सं0 1521 में धरमदास जी कबीर की रचनाओं को संग्रहित किया, यह

---

1:- शालिग्राम - गुरु नानक पृ0- 39 [सं0 1976] उ0 भारत की संत परम्परा पृ0-721 से उद्धृत ।

केवल जन श्रुति ही जान पड़ता है । धरमदास कबीर के शिष्य थे, इसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है, तो यह कैसे माना जा सकता है कि धरमदास जी कबीर की रचनाओं का संग्रह किया होगा । चित्रों में लक्षित होने वाली वृद्धावस्था जन्मकाल के काफी पहले होने पर किसी भी पूर्वोक्त मत के अनुसार सम्भव है ।

स्पष्ट है कि उपरोक्त किसी तर्क के आधार पर मृत्यु काल सं० 1575 सिद्ध नहीं होता । कुछ विद्वानों ने कबीर का निधनकाल सं० पन्द्रह सौ पाँच स्वीकार किया है । "आर्कियोलाजिकल सर्वे आफ इंडिया (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की एक रिपोर्ट से ज्ञात होता है कि बिजली खाँ ने बस्ती जिले के पूर्व आमी नदी के दाहिने किनारे पर कबीरसाहब का एक रोजा सन् 1450 (सं० 1507 वि०) में निर्मित कराया था, जिसका पुनरूद्धार नवाब फिदाई खाँ द्वारा 117 साल पश्चात सन् 1567 या सं० 1624 में कराया गया । इससे यह माना जा सकता है कि इनकी मृत्यु सं० 1505 में हो गयी थी, क्योंकि मृत्यु के पश्चात ही उनका रोजा या स्मारक बनवाना स्वाभाविक जान पड़ता है ।

डा० पारसनाथ तिवारी जी ने दादूपंथी राघवदास एवं हरि-बल्लभ कृत "भगवतगीता" का निर्देश देते हुए सिद्ध किया है कि जो एक दोहे में "पन्द्रह सौ पचहत्तर" आया है उसका तात्पर्य कदाचित 'पन्द्रह सौ पाँच' ही है । [1]

---

1:- कबीरवाणी, डा० पारसनाथ तिवारी, पृ०-38 ।

दादूपंथी राघवदास अपने भक्तमाल के रचनाकाल के लिए संवत सत्रहे सौ सत्रहोत्तरा लिखा, जिसका अभिप्राया सं0 1717 ही ज्ञात होता है न कि सं0 1770 ।[1] इसी प्रकार कबीर साहब की मृत्यु संवत पहले पन्द्रह सौ पाँचातरा के सदृश प्रसिद्ध रहा होगा और कलान्तर में बिगड़ते-बिगड़ते पन्द्रह सौ पचहोत्तरा अथवा पन्द्रह सौ पचहत्तरा हो गया होगा ।[2]

पन्द्रह सौ पाँचहोत्तरा का अर्थ होगा पन्द्रह सौ से पाँच बाद । इसी प्रकार सत्रहोत्तरा अर्थ है सत्तहर वर्ष बाद ।[3]

हरिबल्लभ कृत भगवतगीता में निधन करता का निर्देश इस प्रकार हुआ है ।

सत्रह से एकोतरा, माघ मास तिथि न्यास ।
गीता की भाषा करी, हरिबल्लभ सुखरास ।।[4]

यहाँ भी "सत्रह सौ एकोतरा" का अर्थ है सत्रह सौ से एक वर्ष बाद या सं0 1701 । राघव दास कृत 'भक्तमाल' एवं हरिबल्लभ दास कृत भगवत गीता भाषा' के निर्देशों से यह स्पष्ट होता है कि 'पन्द्रह सौ पचहोत्तरा' पन्द्रह सौ पाँच' ही हो सकता है, किन्तु

---

1:- वही, पृ0 - 38 ।
2:- वही, पृ0 - 38 ।
3:- कबीरवाणी, डा0 पारसनाथ तिवारी, पृ0 - 38 ।
4:- खोज रिपोर्ट 1909 । 117 सरोज सर्वेक्षण, पृ0-809 पर डा0 किशोरी लाल गुप्त द्वारा उद्धृत ।

संवत 1505 में कबीर की मृत्यु मान लेने पर उनके आयु के बारे में एक कठिनाई उपस्थित होती है, सं0 1455 में उनका जन्म मानने पर इनकी आयु केवल 50 वर्ष की ही ठहरती है । कुछ विद्वानों का मत है कि कबीर के प्राप्त सभी चित्र प्राय: प्रौढ़ावस्था के ही मिलते हैं, अत: इनका जन्म कुछ और पहले मानना चाहिए । लेकिन जहाँ हमें उनकी निधन तिथि के सम्बन्ध में प्राय: चौदह सौ पचपन साल गए । सम्बन्धी छन्द ही अधिक प्रचलित है, अत: इसको निरापद कैसे माना जा सकता है । इस प्रकार सभी दृष्टियों पर विचार करने पर उनकी जन्मतिथि के रूप में सं0 1455 को लगभग निश्चयात्मक रूप से स्वीकार किया जा सकता है । उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उनकी निधन तिथि के सम्बन्ध में अधिक निश्चयात्मक रूप से कुछ कहा नहीं जा सकता, जबकि सं0 1505 और सं0 1575 दोनों के सम्बन्ध में समान रूप से विश्वसनीय प्रमाण उपलब्ध होते हैं ।

डा0 माता प्रसाद गुप्त धरमदास कृतेदादर्श पंथ के आधार पर सं0 1569 को कबीर की निर्वाण तिथि माना है ।[1]

आधारभूत पंक्ति को उन्होंने इस प्रकार उद्धृत किया है:--

सुमंत पन्द्रहसौ उनहत्तरा होई

सतगुरु चले उठ हंसा ज्याई

---

1:- कबीर ग्रन्थावली, आगरा भूमिका, पृ0 - 2 ।

गुप्त जी का कथन है कि निर्वाण तिथियाँ टाँकने की सम्प्रदाओं में परम्परा रही है । इसलिए कबीर पंथी धरमदास की दी हुई सं0 1569 की तिथि अधिक विश्वसनीय हो सकती है ।[1]

द्वादशपंथ धरमदास की रचना नहीं हो सकती क्योंकि उसमें उनके बाद के अनेक सम्प्रदायों का वर्णन है ।[2] दूसरे पंक्ति के पाठान्तर भी मिलते हैं जिनपर डा0 गुप्त जी ने विचार नहीं किया । बोध सागर के सातवें खण्ड में संकलित "कबीरवानी" ग्रन्थ में यह पंक्ति निम्नलिखित रूप में मिलती है ।

संवत् पन्द्रह से उनहत्तरा आवै
सतगुरू चले उड़ीसा जावै

इसी प्रकार 'स्व सम्वेदबोध' में कहा गया है --

संवत पन्द्रह सौ उनहत्तर
देश उड़ें से सतगुरू पगधर ।[3]

इस प्रकार डा0 पारसनाथ तिवारी इस तिथि को कबीर का उड़ीसागमन तिथि सिद्ध किया है, न कि उनकी निर्माण तिथि । 'उड़ीसा जावैं' अधिक सार्थक पाठ ज्ञात होता है जबकि 'उड़ि हंसा ज्याई

---

1:- कबीर ग्रन्थावली, आगरा, पृ0 - 2 ।

2:- डा0 पारसनाथ तिवारी, कबीरवाणी, पृ0 - 39 ।

3:- बोध सागर खण्ड 9, पृ0 168 कबीरवाणी से उद्धृत ।

निरर्थक और विकृत जान पड़ता है । [1]

पन्द्रह सौ उनचास में मगहर की हौ गौन
अगहन सुदि एकादशी मिलौ पौन में पौन ।

कबीर के निधनकाल का उक्त मत रूपकला जी {सं० 1965} द्वारा की गयी नाभादास कृत भक्तमाल की टीका में उद्धृत हुआ है । इस तिथि के अनुसार वे उक्त सं० तीन वर्ष और अधिक जोड़कर मृत्यु काल सं० 1552 निश्चित किया है । [2] उक्त मत के समर्थक हरिऔध {सं० 1966} मिश्रबन्धु {सं० 1967} पं० चन्द्रबली पाण्डेय {सं० 1990} तथा डा० रामकुमार वर्मा {सं० 2000} आदि विद्वानों ने इस निधन काल तिथि की संगति अधिकतर सिकन्दर लोदी के आगमन से बैठायी है । रूपकला जी तीन वर्ष बढ़ाकर सं० 1552 कर दिया, लेकिन क्यों कर दिया, इसका कोई समाधान प्रस्तुत न कर सके, इस लिए विद्वानों ने सिकन्दर लोदी के आगमन का यही समय माना है ।

जन्मस्थान :--

कबीर का जन्मस्थान कहाँ था, इस सम्बन्ध में विद्वानोंमें अधिक सन्देह बना हुआ है ।

पहिले दरसन मगहर पाइऔ, पुनि काशी बसै आई । [3]

---

1:- डा० पारसनाथ तिवारी, कबीरवाणी पृ० - 40 ।
2:- नाभादास कृत भक्त माल {रूपकला जी कृत} भक्त सुधा विन्दुस्वा टीका सहित लखनऊ सन् 1929, पृ० - 497 ।
3:- गुरु ग्रन्थ साहिब, राग व रामकली, पद - 3 ।

इस पद के आधार पर विद्वानों ने कबीर का जन्मस्थान मगहर माना है, जो बस्ती जिले में पड़ता है । सर्वसम्मति है कि कबीर का लीला-संवरण स्थान भी यही मगहर था, किन्तु उसी ग्रन्थ में रागगउडी के एक पद में कहा गया है --

सगल जनम सिवपुरी गंवाइया ।
मरतीबार मगहर उठि आइया ।। [1]

उपरोक्त पद से मालूम होता है कि कबीरदास जी 'मरतीबार' मगहर आए ।

डा० सुभद्र-झा ने निम्नलिखित तर्कों के आधार पर सिद्ध करने का प्रयास किया है कबीर दास जी का जन्म मिथिला में हुआ था । अपना आरम्भिक जीवन का कुछ अंश इसी स्थान पर व्यतीत किया था ।

1:- मिथिला में पहली न खाने वालों को 'वैष्णव' कहा जाता है चाहे वे शक्त के उपासक क्यों न हों । इसके विपरीत 'शक्त' का अर्थ वहाँ मत्स्य माँस भोगी से किया जाता है ।

§1§ 'बीजक' के एक पद में कहा गया है कि --

ज्यों मैथिल को सच्चा पास ।
त्योंहि मरन होय कहयो विदेहा ।।

---

1:- गुरु ग्रन्थ साहिब, राग गउड़ी, पद - 15 ।

(2) 'कबीर पंथी ग्रन्थ' 'सर्वज्ञ सागर' में कबीरदास जी के बारे में यह उक्ति मिलती है--

सावन भादौ बरसै मेहा ।
एतै सबद हम कह्यौ 'विदेहा' ।।

'विदेह' का अर्थ सुभद्र जी ने 'मिथिलावासी' से किया है न कि विदेह शब्द जीवन मुक्त का बोधक होगा, क्योंकि कबीर अथवा कबीर पंथी जीवित अवस्था में मुक्ति नहीं मानते हैं । [1]

'बोली हमरी पूरबी ताहि न चीन्है कोइ'
'पूरबी' शब्द से झा साहब ने वस्तुत: मैथिली ही लगाया है । [2]

डा० पारसनाथ तिवारी सुभद्र झा के सभी तर्क को निराधार मानते हुए 'साकत' का अर्थ इस प्रकार किया है, कबीर की दृष्टि में 'साकब' वह है जो भक्त न हो, राम का नाम न लेता हो, जिनमें सज्जनता लेशमात्र न हो, बल्कि जो विषयासक्त दाम्भी, भ्रष्टाचारी और निन्दन हो इसके विपरीत वैष्णव वह है जो राम का भक्त हो, सज्जन सदाचारी और कामिनी कंचन से मुक्त हो । [3] निम्नलिखित उदाहरण देकर तिवारी जी ने सिद्ध किया है कि दोनों के विभाजन में कबीर का सबसे अधिक बल उनके रामभक्त होने या न होने तथा

---

1:- कबीरवाणी, डा० पारसनाथ तिवारी, पृ० - 10 ।
2:- कबीरवाणी, डा० पारसनाथ तिवारी, पृ० - 10 ।
3:- कबीरवाणी, डा० पारसनाथ तिवारी, पृ० - 10 ।

विषयवासना के भोग अथवा त्यागपर जान पड़ता है, न कि मछली खाने अथवा न खाने पर ।

बरै नौ की कूकरि भली, साकत की बुरी माह
वह बैठी हरि जस सुनैं, वह पाप बिसाहन जाह । [1]

भगत हजारी कापड़ा, तामैं मकत न समाए ।
साकत कालो कामरी, भावैं तहाँ बिहाउं ।। [2]

कबीर साकत कौह नहीं सबै बैरनौ जानि ।
हजिहि मुखि राम न ऊंचरें, वही तन्की हानि ।। [3]

हम न मरै मरिहै संसारा, हमकौ मिला जिआवनहारा ।
साकत मरहिं संत जन जीवहिं, भरि-भरि राम रसाइन पीवहिं ।। [4]

कबीर ने जो शाक्तों की निंदा की है, वह "झा" जीके अनुसार मिथिला के शाक्तों की प्रतिक्रिया के परिणाम स्वरूप है । शाक्तों की निंदा कबीर के अतिरिक्त मध्य काल के कुछ अन्य सन्तों ने की है जिसमें गुरूनानक एवं रामदास जी प्रमुख रूप से हैं । जिनकी वाणी में शाक्तों को निन्दा स्पष्ट झलकती है जिसका मिथिला से कोई कबीरसाहब

---

1:- कबीर ग्रन्थावली हिन्दी परिषद प्रयाग विश्वविद्यालय, पृ0 - 2
2:- कबीर ग्रन्थावली हिन्दी परिषद प्रयाग विश्वविद्यालय, पृ0 - 1:
3:- कबीर ग्रन्थावली सारग्राही कौ अंग, पृ0 - 229 ।
4:- कबीर ग्रन्थावली भगति सखेवनि, पृ0 - 62 ।

को बार-बार विषयासक्त कहा है । विषयासक्त वस्तुत: कबीर के समय में बौद्ध सिद्धों की साधना से प्रभावित होकर काल साधना प्रचलित था, जिसमें नारी का साहचर्य आवश्यक माना गया था । कबीर के 'साकत' वस्तुत: यही कौल साधक थे । इसलिए इन्हें बार-म्बार विषयासक्त कहा है ।[1] दूसरे तर्क के पुष्टि में डा० झा जी ने जो उद्धरण दिया है वह पाठ वस्तुत: प्रमात्मक है, क्योंकि बीजक के समस्त मुद्रित तथा हस्तलिखित संस्करणों में 'वास' के स्थान पर व्यंग्य पाठ मिलता है जिसके आधार पर कबीर का मिथिला निवास सिद्ध नहीं किया जा सकता है ।[2]

सर्वज्ञ सागर कबीर की रचना नहीं हो सकती बल्कि कबीरपंथ की एक परवर्ती रचना है जिसके रचयिता का कोई ठीक पता नहीं है । डा० झा 'विदेह' शब्द का अर्थ मिथिलावासी लगाया है जबकि डा० तिवारी इस अर्थ को हास्यास्पद मानते हुए जीवन मुक्ति से लगाया है । उदाहरणतया :--

अब मन उलटि सनातन हूवा ।
जब जाना अब जीवत मूवा ।।

---

1:- डा० पारसनाथ तिवारी, कबीर वाणी, पृ० - 11 ।
2:- डा० पारसनाथ तिवारी, कबीर वाणी, पृ० - 11-12

परवर्ती कबीर पंथी भी यही जीवन मुक्ति के सिद्धान्तों को माना है । सम्पूर्ण साहित्य में मरणोत्तर मुक्ति तथा स्वर्ग-नरक आदि की कल्पना के प्रति अविश्वास प्रकट किया गया है तथा जीवित अवस्था में ही मोक्ष प्राप्त करने पर बल दिया गया है । कबीर का कहना है --

पिंड परे जिव जैहे जहाँ । जीवत ही ले राखौं तहाँ ।। [1]

इसी प्रकार 'पूर्वी' शब्द का अर्थ मैथिली ही माना जाय यह आवश्यक नहीं है । प्राचीनकाल से ही मध्यदेश के पूर्व बोली जाने वाली भाषाओं को 'पूर्वी' कहा जाता था और आज भी अर्धमागधी से विकसित अवधी तथा उसकी पूर्ववर्ती समस्त बोलियों को 'पूर्वी' कहा जा सकता है । [2]

'बनारस डिस्ट्रिक्ट गजेटियर' [3] के अनुसार कबीर का जन्म बनारस में या उसके निकट न होकर आजमगढ़ जिले के बेलहरा नामक गाँव में हुआ था । आज भी पटवारियों के कागदों में बेलहरा उर्फ बेलहर पोखर लिखा मिलता है । इसी आधार पर उनकी धारणा है कि 'बेलहरपोखर' लहर तालाब की जड़ है । 'बेलहर' का 'लहर' 'पोखर' का तालाब कर लेना जनता के दाएं बाएं हाथ का खेल है । [4]

---

1:- कबीर-ग्रन्थावली, पृ0 107, पृ0 - 62 ।

2:- कबीरपाणी, डा0 पारसनाथ तिवारी, पृ0 - 12 ।

3- बनारस डिस्ट्रिक्ट गजेटियर, इलाहाबाद, 1909 ।

4:- प0 चन्द्रबली पाण्डेय विचार विमर्श (हि0सा0 सम्मेलन प्रयाग सं0 2002, पृ0 - 15 ) ।

निरपवाद रूप में कबीर पंथियों ने कबीर का जन्मस्थान लहर-तारा माना है, जो कबीर चौरा से उत्तर पश्चिम की ओर लगभग दो मील पर स्थित है। कबीर के जन्म स्थान के रूप में लहरतारा का उल्लेख सर्वप्रथम स्वामी परमानन्द दास कृत 'कबीरमंशूर' (सं० 1966 वि०) बाबू लोहनासिंह कृत 'कबीर कसौटी' (सं० 1971 वि०) तथा स्वामी युगलानन्द कृत 'कबीर चरित्र बोध' सं० 2007 वि० में मिलता है।

निर्भयज्ञान तथा ज्ञान सागर नामक कबीर पंथी ग्रन्थों में 'चन्दवार' को कबीर का जन्मस्थान बताया गया है। उपर्युक्त दोनों ग्रन्थों में कबीर तथा धरमदास के काल्पनिक संवाद के रूप में उनकी जीवनी से सम्बद्ध अनेक विवरण मिलते है। धरमदास की जिज्ञासा का समाधान करते हुए कबीर जी कहते हैं --

हम प्रगते चन्दवारेजाई + पूरब प्रमल सण्द गुहराई।
बरसायत दिन हम प्रगटाना। ताला माँहि पुरहन भैल जाना।

नीरू जुलाहा नीमा नारी। जौलहिन तृषा लागितेहि बारी।
नीमा जल पीवत तट आई। सुन्दर शिशु देखत चित्त भाई।।

'ज्ञान सागर' में भी किंचित शब्दान्तर के साथ यही कहानी इस प्रकार मिलती है --

आसन कर आयो चंदवारा। चन्दन साहु तहाँ पगधारा।
बालरूप धर आयो तहवाँ। आठ पहर रह्यो मैं जहँवा।।

ताको नारि गई अस्नाना । रूप देखि तस्कर मन माना

ले गई बालक सोंनिजगेहा । बहुत भांति तेहि कीन्ह सनेहा ।।

चन्दन साहु देखि रिस्यािना । चलि गयौ नारि तौर अब ज्ञाना

काशी नागरी प्रचारिणी सभा में निर्भय ज्ञान की दो हस्तलिखित प्रतियाँ उपलब्ध हुयी थी, 1872 वि० साधु चेतनदास द्वारा लिखि हुयी और दूसरी सं० 1893 की यहंत गरीबदास द्वारा लिखी हुयी । इसमें से पहली में उसका दोहा चौपाईबंध रूपान्तर मिलता है और दूसरी में इसी से मिला-जुला प्रकाशित संस्करण से चौपाई बन्ध रूपान्तर है ।

पुनिप्रगटे चंदवारे जाई, पुरबिक प्रेमसंत गोहराई ।।

बरसायत दिन प्रगटे, तकि पुरहन के पास ।

बालक रूप हुलस्त रहे, जोलहा गौन किए घर जात ।।

x x x

नोरू जुलाहा तुमा नारी । जोलहिन को जल प्यास लगारी ।।[2]

एक अन्य कबीर पन्थी ग्रन्थ "अनुरागसागर" में कबीर के जीवन वृत्त सम्बन्धी विवरण प्राप्त होता है जिसमें कबीर का जन्म स्थान 'चन्दवार' सिद्ध होता है ।

---

1:- ज्ञान सागर, लक्ष्मी वैंकटेश्वर, पृ० 772 कबीर का जन्म स्थान चन्दवार नामक निबन्ध, डा० पारसनाथ तिवारी, पृ० - 20

2:- सम्मेलन पत्रिका, कबीर का जन्म स्थान 'चन्दवार', पृ० - 19 डा० पारसनाथ तिवारी ।

परसोतम ते हम चलि आई । तब चन्दवारा प्रगटे जाई ।
बालक रूप कीन्ह तेहि ठामा । कीन्हेउ ताल माँहि विश्रामा ।।

कमल पग पर आसन लाई । आठ पहर हम तहाँ रहाई ।
नारि एक अरजहि आई । सुन्दर बाल देखि मन भाई ।।

चन्दन साहु पुरुष कर नाऊँ । ऊदा नाम नारि पर भाऊ ।
ले बालक गृह अपने आई, चन्दन साहु अस्कहा सुनाई ।।

बहुनारी बालक कहँ पाई । कौने विधि तेहवाँ लाई ।
कहा अदा जल बालक पावा । सुन्दर देखिमोर मन भावा ।।

x x x

कह चन्दन ते मूरख नारी । बेगि जाहु ते बालक डारी ।
जाति कुटुम हँसि हैं सब लोगा । हँसत लोग उपधे तन सोगा ।।

x x x

चल चेरी बालक कहँ लोन्हा । जल में डारि ताहि ते दीन्हा ।।

x x x

जीवन काज बहुत दु:ख पाई । पुरुष दास छोडेउ जग आई ।
जीवन चीन्ह परे यम फंदा । छोड़ेउ लोक सहेऊ दुखदंदा ।।

x x x

नीरु नीमा जुलाहा होई । नारि गवन ले आवे सोई ।
जल अंचवन बन्तिा तेहि गयऊ । बाल माहि पुरहन एकरहेऊ ।।

x x x

जौलहा रोष कीन्ह तेहि बारी । बेगि देहु तुम बालक डारी ।
हर्ष बुलावन नारी लाई । तब हम तासों बचन सुनाई ।।

सा० - सुनत बचन अस नारनी, नोरू वासन राखेऊ ।
ले गई गेह मंझार काशिनग्र तब पहुँचेऊ ।। [1]

इसी प्रसंग में कबीर पंथियों में प्रचलित निम्नलिखित दोहा प्रस्तुत है जिसके आधार पर 'चन्द्रवार' को दिन का सूचक नहीं बल्कि स्थान का सूचक माना जा सकता है ।

चौदह सौ पचपन साल गए, चन्द्रवार इक ठाट ठए ।
जे० सुदी बरसायत को पूरनमासी प्रगट भए ।।

इसमें उल्लिखित 'चन्द्रवार' शब्द के सम्बन्ध में विद्वानों में काफी मतभेद चलता आ रहा है । गणना करने पर सं० 1455 या 59 किसी ज्येष्टपूर्णिमा को नहीं पड़ता, अतः ज्ञात होता है कि 'चन्द्रवार' दिन का सूचक नहीं बल्कि स्थान का सूचक है, जिसका संकेत अनुराग सागर निर्भय ज्ञान और 'ज्ञान सागर' में मिलता है । [2] इतने अधिक साक्ष्यों के एक्य से कबीर के जन्मस्थान के रूप में इसकी सम्भावना बहुत बढ़ जाती है लेकिन यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि

---

1:- अनुराग सागर, सरस्वती विलास प्रेस, नरसिंह, द्वितीय संस्करण, पृ०- 167-70 तथा स्वसंवेद कार्यालय, सीयाबाग, बड़ौदा सं० 2003, पृ० - 68, 69, सम्मेलन पत्रिका, डा० पारसनाथ तिवारी, कबीर का जन्मस्थान 'चन्दवार' नामक निबन्ध ।

2:- कबीरवाणी, डा० पारसनाथ तिवारी, पृ० - 15 ।

यह स्थान कहाँ स्थित है जिसके जलाशय के निकट जुलाहा दम्पत्ति को कबीर मिले थे। गांभीर्य अन्वेषण के उपरान्त डा० पारसनाथ तिवारी कुछ स्थानों को दर्शाया है लेकिन निश्चयात्मक रूप में कुछ नहीं कहा जा सकता। एक चन्दवार बलिया जिले में है जो संत शिवनारायण की जन्मभूमि होने के नाते प्रसिद्ध है किन्तु उसके पास किसी बड़े तालाब का अभाव तथा काशी से उसका लम्बा व्यवधान यह दो तथ्य ऐसे हैं जिसका तालमेल पूरा-पूरा नहीं बैठ पाता।[1] दूसरा चन्दवार आगरा के पास यमुना नदी के तट पर स्थित है और मध्ययुग में अनेक हिन्दू-मुस्लिम संघर्षों का केन्द्र रहा है।[2] काशी से दक्षिण पूर्व की ओर रामनगर घाट से लगभग पाँच मील पूर्व मिर्जापुर से मुगलसराय जाने वाली रेलवे लाइन के पास 'चन्दरखा' नामक एक गाँव है जिससे लगा हुआ एक बहुत बड़ा ताल है जो "गौरो ताल" नाम से प्रसिद्ध है। पहले कुछ सूत्रों से विदित हुआ था कि उसे 'चंदवार' कहते हैं किन्तु उसके निकटस्थ मुंबई खुर्द तथा सिंधीताल को ग्राम सभापतियों द्वारा पूछ-ताँछ से ज्ञात हुआ कि इसे वस्तुतः 'चन्दरखा' या 'चन्द्रखा' ही कहते हैं। 'चंदवार' से 'चन्दरखा' का परिवर्तन भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से संभव नहीं

---

1:- कबीर का जन्म स्थान चंदवार, भाग 54, संख्या 1-2, डा० पारसनाथ तिवारी पृष्ठ - 3 ।

2:- कबीर का जन्म स्थान चंदवार, भाग 54, संख्या 1-2, डा० पासनाथ तिवारी पृष्ठ - 3 ।

मालूम पड़ता । अत: अन्य अनेक संभावनाओं के होते हुए भी इसे चंदवार से अभिन्न मानने में कठिनाई उपस्थित होती है । कबीरपंथी ग्रन्थ 'ज्ञान सागर' अनुराग सागर' 'निर्भय ज्ञान' की एक शाखा तथा कबीर जन्म सम्बन्धी चौपदी मिलकर उस जलाशय को 'चन्द्रवार' के समीप बताते हैं, इन ग्रन्थों की प्राचीनता देखते हुए उनके साक्ष्य को ठुकरा देना उचित नहीं जान पड़ता । विशेषतया 'ज्ञानसागर' पर्याप्त प्राचीन ‖अनुमानत: सं0 1650 वि0‖ का जान पड़ता है । दूसरी और लहरतारा सम्बन्धी उल्लेख सं0 1942 वि0 से पूर्व नहीं प्राप्त होते । अत: यह कहा जा सकता है कि कबीर की जन्मभूमि 'चन्दवार' ही होगी । डा0 पारसनाथ तिवारी चंदवार को ही कबीरदास की जन्मभूमि होने का गौरव प्रदान करने के पक्ष में हैं । [1]

मृत्यु स्थान :--

मृत्युस्थान के सम्बन्ध में भी विद्वानगण ऐक्यमत नहीं हैं । अपनी-अपनी खोज के अनुसार विद्वानों ने तीन स्थान निर्धारित किये हैं जहाँ कबीर साहब की मृत्यु होने को उल्लेख हुआ है :--

‖1‖ मगहर ।

‖2‖ जगन्नाथपुरी एवं रतनपुर ‖अवध‖ ।

‖3‖ मगध देश ।

---

1:- सम्मेलन पत्रिका, डा0 पारसनाथ तिवारी, कबीर का जन्म स्थान, चंदवार नामक निबन्ध, पृ0 - 31 ।

कबीरदास ने स्वयं कहा है कि :--

सगल जनम सिवपुरी गंवाइया
मरती बार मगहर उठि आइआ ।[1]

जिससे स्पष्ट मालूम होता है कि कबीर दास जी की मृत्यु मगहर में हुई थी । धरमदास के शब्दावली मे संग्रहीत एक पद की पंक्ति है :--

मगहर में एक लीला कीन्हीं, हिन्दू तुरुक ब्रतधारी ।
कबर खोदह के परचा दीन्हों, मिटि गयो झगरा भारी ।।[2]

उपर्युक्त दोहे से स्पष्ट होता है कि कब्र से शव का न पाया जाना कबीर के लीला का परिणाम था, इसी कारण शव के जगह पर पान फूल मिला ।

कहा जाता है कि कबीर की दो समाधि एक जगन्नाथपुरी दूसरी रतनपुर अवध में स्थित है जिससे विद्वानों ने अनुमान लगाया है कि कबीर का मृत्यु स्थान यहीं रतनपुर एवं जगन्नाथ पुरी रहा होगा । इस कथन का सर्वप्रथम उल्लेख अबुल फजल ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक "आईन-ए-अकबरी में किया है । विशेषकर रतनपुर वाली समाधि की चर्चा

---

1:- गुरू ग्रन्थ साहब जी, राग गउड़ी, पद - 15 ।

2:- धरमदासकी शब्दावली, वे0वे0 प्रेस प्रयाग, शब्द 9 पृ0 - 4 ।

खुलासातुत्वारीख[1] तथा शेरअली "अफसोस" की पुस्तक "आरा-मिशेयोहफिल[2] में भी उल्लिखित है तथा इन्हीं बातों के आधार पर कहा जा सकता है कि कबीर मुसलमानी ढंग से दफनाये अवश्य गये, परन्तु मगहर में नहीं... (उनका) शव रतनपुर में दफनाया गया ।[3] जिस प्रकार रतनपुर समाधि के भीतर कबीर साहब का शव का गाड़ा जाना सम्भव समझा जा सकता है, उसी प्रकार जगन्नाथपुरी समाधि के लिए भी अनुमान किया जा सकता है क्योंकि इस समाधि के प्रसंग में भी 'आइन-ए-अकबरी' में 'कबीर मुवहिद आजा आसूद' कह कर दफनाये जाने की पुष्टि हुई है ।[4] और टेर्विर्निच[5] ने भी चर्चाकी है । परन्तु यह बात सच्ची नहीं जान पड़ती और न आज तक किसी प्रकार इसे प्रमाणित किया जा सका है । अतएव अधिक सम्भव है कि कबीर साहब मगहर में मरकर वहीं मुसलमानी प्रथानुसार दफनाये गये हैं और उसी का चिह्न हमें आज भी वहाँ उपलब्ध हो । कोरी कल्पना के आधार पर रतनपुरवा पुरी की स्मारक समाधियों में उनका पता लगाना व्यर्थ है ।[6]

---

1:- खुलासातुत्वारीख, दिल्ली, पृ0 - 43, उ0 भारत की संत परम्परा से उद्धृत ।

2:- विचारविमर्श, पृ0 - 93, चन्द्रवली पाण्डेय ।

3:- विचारविमर्श, पृ0 - 93, हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, पृ0-

4:- आइन-ए-अकबरी (नवल किशोर प्रेस लखनऊ, 1869) पृ0- 82, उत्तर भारत की संत परम्परा में उद्धृत ।

5:- टेर्विर्निर्यर ट्रैवल (भाग 2) पृ0 229, उ0 भारत की संत परम्परा में उद्धृत ।

6:- आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, उ0 भारत की संतपरम्परा, पृ0-144-।

कुछ विद्वानों ने 'मगहर' के स्थान पर 'मगह' शब्द का आरोप कर कुछ लोगों ने कबीर साहब को 'मगध' में मरने की कल्पना की है, किन्तु कबीर की रचनाओं से स्पष्टत: 'मगहर' शब्द से ही दीख पड़ता है । 'मगह' नहीं, हां यह जरूर है कि उन्होंने 'मगहर' को 'ऊसर' का 'असर' कहा है । इसके अतिरिक्त बस्ती जिले में 'मगहर' गाँव आज भी मौजूद है जहां इनका चिह्न बना हुआ है लेकिन मगध में उसका कोई चिह्न नहीं मिलता ।

उपर्युक्त उल्लेखों के बाद यही कहा जा सकता है कि कबीर का मृत्युस्थान मगहर ही है जो आध बस्ती जिले में गोरखपुर से 16 मील दूर पर है क्योंकि परम्परा के अनुसार कबीर के उक्त कब्र के स्थान पर कबीर साहब के मरने के पहले चादर ओढ़ लेने की चर्चा की जाती है, चादर के उठाये जाने के समय दोनों शिष्यगण {हिन्दू एवं मुसलमान} वहां मौजूद थे । अतएव गुरुदेह के उक्त रूप में लुप्त हो जाने की बात श्रद्धालु भक्तों द्वारा की गई निरी कल्पना न समझ, उसे ऐतिहासिक घटना समझ महत्व देना, केवल इसी प्रसंग के आधार पर कबीर साहब के शव को मगहर से हटाकर उसके लिए वहां 'नकली कब्र' बना देना तथा शव को वास्तव में रतनपुर में ही मुसलमानों द्वारा दफनाये जाने का अनुमान ठीक नहीं जान पड़ता । इसी लिए कोरी कल्पना के आधार पर रतनपुरवा पुरी के स्मारक समाधियों में उनका पता लगाना व्यर्थ है जहां आज भी कबीर के स्मारक स्वरूप चिह्न वर्तमान हैं । [1]

---

गुरु 'स्वामी रामानन्द' :--

स्वामी रामानन्द कबीर के गुरु थे किस किस प्रकार कबीर ने स्वामी रामानन्द का गुरुत्व प्राप्त किया इसकी घटना इस प्रकार है जो सर्वप्रथम भक्त व्यास {पृ0सं0 1669 वि0} ने उल्लेख किया है। कहते हैं, कबीर मुसलमान परिवार में पोषित होने के बावजूद एक वैष्णव भक्त के समान आचरण करते थे। इस पर ब्राह्मण वर्ग आपत्ति करते थे कि निगुरे वैष्णव को भुक्ति नहीं मिला करती। इन बातों से तंग आकर कबीर ने किसी महात्मा से दीक्षा लेने की बात सोची। उस समय स्वामी रामानन्द बहुत बड़े प्रभाव शाली महात्मा थे किन्तु वैष्णव आचार्य द्वारा मुसलमानों को दीक्षा प्राप्त करने में कठिनाई थी। अत: कबीर ने एक नयी युक्ति सोंच निकाली। रामानन्द प्रात: काल ही गंगा स्नान करने जाया करते थे कबीर उनके रास्ते में लेट गये। अंधेरे में जब स्वामी जी के खड़ाऊ से कबीर जी टकराये तो स्वामी जी के मुख से 'हायराम' निकला जिसे कबीर ने गुरुमन्त्र समझ लिया तथा अपने को स्वामी जी का शिष्य प्रचारित किया। भक्त व्यास के अतिरिक्त अनन्तादास कृत भक्तमाल {सं0 1690 के आसपास} में लगभग इसी घटनाओं का उल्लेख हुआ जो स्वामी रामानन्द जी के कबीर का गुरु मानते हैं।

भक्त कैलनदास कृत 'प्रसंग पारिजात' में कबीर और रामानन्द का गुरु शिष्य सम्बन्ध का उल्लेख लेखक ने इस प्रकार किया है। " हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध कवि भक्तराज कबीरदास के गुरु रामानन्द जी

प्रमाणिक हो जाते हैं। यह भी सिद्ध हो जाता है कि पीपा जी, सेन, रैदास आदि भी अनन्तानन्द, योगानन्द, नरहर्यानन्द के साथ उसी समय विद्यमान थे। "[1] कुछ उपलब्ध प्रमाणों के होते हुये भी यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि स्वामी रामानन्द कबीर के गुरू थे, क्योंकि 'अगस्त संहिता' के अनुसार स्वामी रामानन्द का जन्म सं0 1359 वि0 में और मृत्युकाल सं0 1467 वि0 में हुआ था। इस प्रकार स्वामी जी की आयु 111 वर्ष निश्चित होती है।

दूसरी ओर कबीर का जन्म सं0 1455-56, स्वामी जी के मृत्यु के समय कबीर साहब केवल बारह वर्ष के रहे होंगे। इतनी अल्पायु में दीक्षा लेने की सम्भावना दृढ़ प्रतीत नहीं होती। इस कठिनाई को दूर करने के लिए कुछ विद्वानों ने कबीर का जन्म कुछ और पीछे ले जाना चाहा है, परन्तु इसके लिए कोई आधार नहीं मिल पाया। कबीर की प्रामाणिक रचनाओं में भी स्वामी रामानन्द का उल्लेख कहीं हुआ है, अतः निश्चित रूप से स्वामी जी को कबीर का गुरू मानने में कठिनाई प्रतीत होती है।

शेखतकी मौलाना गुलाम 'सरवर' ने अपनी पुस्तक 'अजीनतुल असफिया'[2] में लिखा है कि 'शेख कबीर जोलहा शेखतकी के उत्तराधिकारी तथा शिष्य थे। वे पहले व्यक्ति थे जिन्हें परमेश्वर और

---

1:- शंकरदयाल श्रीवास्तव, स्वामी रामानन्द और प्रसंग पारिजात (हिन्दुस्तानी अक्टू0 1932), पृ0 403, 20 उ0 भारत की संतपरम्परा में उद्धृत।

2:- बीजक, विचारदास संस्करण, पृ0- 62 ।

सत्ता के विषय में हिन्दी में लिखा है । धार्मिक सहनशीलता के कारण हिन्दू और मुसलमान दोनों ने उन्हें अपना नेता माना ।.... उनकी मृत्यु सन् 1594 में हुई तथा उनके पीर शेखतकी की मृत्यु सन् 1575 में हुई थी । यह उल्लेख स्पष्ट ही हिन्दी के भक्त कवि कबीर के सम्बन्ध में है किन्तु इसमें कबीर का निधनकाल बहुत बाद में बताया गया है अर्थात 1651 वि0 में । इस लिए सखर साहब के कथन पर सन्देह होने लगता है ।

शेखतकी नाम के दो सूफी फकीर प्रसिद्ध हैं जिनमें से एक कड़ा, मानिकपुर के निवासी तथा दूसरे इलाहाबाद के निकटस्थ झूंसी के रहने वाले थे ।

शेखतकी मानिकपुरी :--

बीजक के एक स्थल पर मानिकपुर शेखतकी का नाम आया है ।

मानिकपुर कबीर बसेरी । मदहति सुनी शेखतकि केरी ।[1]

उपर्युक्त उद्धरण के अनुसार कबीर मानिकपुर गये थे और वहां शेखतकी की प्रशंसा सुनी थी ।

'बीजक' के एक अन्य उद्धरण से पुनः उसका उल्लेख इस प्रकार है--

नाना नाच नचाय के, नाचै नट के भेख
घट-घट अविनासी अहे, सुनों तकी तुम सेख ।। [2]

---

1:- बीजक विचार दास संस्करण, पृ0 - 62 ।

2:- बीजक विचारदास संस्करण, रमनी, 62, पृ0 - 76 ।

इस उद्धरण से स्पष्ट मालूम होता है कि कबीर दास और शैखतकी में आध्यात्मिक वार्ता हुयी थी । यद्यपि इन उद्धरणों में कोई ऐसा संकेत नहीं है जिनके आधार पर कबीर को शैखतकी का शिष्य स्वीकार किया जा सके किन्तु इतना तो सिद्ध हो ही जाता है कि शैखतकी तथा कबीर समकालीन थे । 'बीजक' के मूल रूपान्तर का संकलन सं0 1650 वि0 अर्थात कबीर साहब के मृत्यु के सौ वर्ष बाद का सिद्ध होता है ।[1] अतः बीजक को पूर्णतया प्रमाणिक मानकर उसके आधार पर कोई निष्कर्ष निकालना निरापद नहीं माना जा सकता । उपर उद्धृत पंक्तियां कबीर वाणी की किसी अन्य शाखा में नहीं मिलती, अतः इसके प्रामाणिकता शैखतकी का मृत्यु सं0 1603 वि0 में हुआ था ।[2] अतः इन्हें कबीर का समकालीन नहीं माना जा सकता । प्रसिद्ध सूफी सन्त हिशामुद्दीन मानिकपुरी को अवश्य कबीर का समकालीन माना जा सकता है । प्रसिद्ध सूफीसंत हिशामुद्दीनमानिकपुरी का देहान्त सं0 1506 में हुआ था, आइन-ए-अकबरी में किसी शैखतकी का कब्र मानिकपुर में बताया गया है, किन्तु उसमें उनके समय [3] आदि का उल्लेख न होने से यह कहना कठिन है कि कबीर के समकालीन थे । इसलिए यदि कोई शैखतकी मानिकपुर में कबीर के समकालीन रहे भी हों तो भी उन्हें उनका गुरू मानलेना ठीक नहीं जान पड़ता ।

---

1:- क0-ग्र0, प्रयाग, डा0 पारसनाथ तिवारी, पृ0-99 ।

2:- रे0 वेस्टकाट(कबीर खण्ड कबीर पंथ) पृ0-25, उत्तर भारत की संत परम्परा में उद्धृत ।

3:- डा0 मोहन सिंह, कबीर हिज बायोग्राफी (लाहौर 1934) पृ0-40 : । उत्तरभारत की संत परम्परा में उद्धृत ।

शेखतकी झूंसी वाले :--

झूंसीवाले शेखतकी का निधनकाल इलाहाबाद गजेटियर में सन् 1384 (1441 वि0) दिया है, किन्तु वेस्टकाट साहब ने किसी अन्य प्रमाण के आधार पर उनका देहावसान सं0 1486 में [1] निश्चित किया है तथा यह भी बतलाया है कि कबीर 30 वर्ष की अवस्था में उनसे मिले थे । झूंसी में एक कबीर वाला है जिससे अनुमान किया जाता है कि कबीर अवश्य ही झूंसी गये वहाँ शेखतकी से मुलाकात हुई थी किन्तु कवि दोनों सन्तों को समकालीन मान लिया जाय तो भी उनका गुरु शिष्य सम्बन्ध सिद्ध नहीं होता ।

कबीरपंथी ग्रन्थों में शेखतकी को सिकन्दर लोदी का राजगुरु बतलाया गया है तथा कबीर साहब के साथ उनके बाद-विवाद के अनेक प्रसंग मिलते हैं । किन्तु सिकन्दर लोदी को भी कबीर का समकालीन मानने में अनेक कठिनाइयाँ उपस्थित होती हैं अतः इस आख्यानों की प्रामाणिकता संदिग्ध है । वस्तुतः इस आख्यानों का शेखतकी किसी सूफी फकीर का प्रतीक जान पड़ता है, कबीर के गुरु नहीं ।

पीताम्बर पीर :--

गुरुग्रन्थ साहब में संकलित कबीर के एक पद में गोमती तीर निवासी पीताम्बर पीर की प्रशंसा की गई है ।

---

1:- रे0 वेस्टकाट (कबीर एण्ड कबीर पंथ) कानपुर 1907, पृ0-40, : । उत्तर भारत की संत परम्परा में उद्धृत ।

आज हमारो गोमती तीर । जहाँ बसहिं पीताम्बर पीर ।

बाहु काहु किआ खूब गावता है । हरि का नाम मेरे मन भावता है

भक्त पोर की प्रशंसा उसके सुन्दर गान व हरिनाम स्मरण के लिए करते हैं तथा कहते हैं कि उसकी सेवा में, नारद, श्री शारदा और लक्ष्मी तक लगी रहती हैं और मैं स्वयं उसे कंठ में मालाधारण कर तथा जिहवा से राम के सहस्त्र नाम लेकर प्रणाम करता हूँ । पीताम्बर जी, नाम, बीबी कवलदासी का प्रयोग 'हज' एवं सलाम करने की बात तथा बाहुबाहु कि आ 'खूब गावता' के रूपों में उक्त पीर के प्रति निकले हुए प्रशंसात्मक उद्‌गार इस पद में इस प्रकार आए हैं कि उनका हरि का नामु अथवा 'कंठेमाला' वह सहसनामु से कोई मेल नहीं खाता और न उसमें प्रदर्शित अलौकिक ऐश्वर्य की कोटि तक उस गवैये 'पीर' की कोरी तारीफ ही पहुँच पाती है । कम से कम उक्त पीर के लिए कबीर साहब का गुरु होना इस पद से सिद्ध नहीं होता, केवल इतना ही जान पड़ता है कि इसमें आया हुआ पीर का वर्णन अधिक से अधिक हिन्दू तुरुक दोनों को समझाने के उद्‌देश्य से किया गया है ।

<u>मतिसुन्दर :--</u>

कबीर के प्रमाणिक रचनाओं में केवल एक ही समकालीन व्यक्ति मतिसुन्दर का उल्लेख मिलता है यद्यपि इन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा मानने में कुछ विद्वान संदेह भी करते हैं । संत साहित्य के कुछ प्राचीन हस्तलिखित ग्रन्थों में मतिसुन्दर के नाम से कुछ रचनाएं हैं जिनमें से तीन {रागगौड़ी, रागगौड़ी, रागमारुउ} पद उद्धृत हैं ।

प्रथम पद:--

जानंत है राम जानंत है
अपने भक्त कूं जानत है, प्रेम भक्ति भव मानत है । ﴾टेक﴿
प्रेम भक्ति उपजत कठिनाई । कह भये । झूठि किए बड़ाई ।।
जाहि संसारी लोग सराहै । तामा है हरि नैन चाहै ।
मति सुन्दर अैसी-मतिमाने, नाही नै केवल राम अयाने ।।[1]
﴾ राग गौड़ी - । ﴿

द्वितीय पद :--

चंचल माया रहो भावै जान गोविन्दा, जनि बिसरौरे ।
माया विष को केलंडी रे कुसुम विषै विकार ।
रह क्तिवनि जाके चित रहे । जाकूं भाई दुख, दुख बारम्बार ।।
एक कनक अऊ कमिनी, सूरे अधिक विचार ।
यूं कबहूं नरहरि भजै ताके दरसन पर उपगार ।
अष्ठ सिद्धि नव निधि सदा हरि भक्त न के अधीन ।
कहै मतिसुन्दर सोई आतमा जाके चिता रोचत्रभुजागीन ।।[2]
﴾ राग गौड़ी - 2 ﴿

---

1:- हिन्दी अनुशीलन 10-1, 1957 ई महात्मा मतिसुन्दर शीर्षक निबन्ध, पृ0-28, डा0 पारसनाथ तिवारी ।

2:- हिन्दी अनुशीलन 10-1, 1957 ई महात्मा मतिसुन्दर शीर्षक निबन्ध, पृ0-28, डा0 पारसनाथ तिवारी ।

तृतीय पद :-

राम नाम परम लाभ जाने जे कोई ।
धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष, सो कहा जु न होई ।।
जोग जग्ह तप तीरथ पूजा । राम नाम सम कोऊ और न दूजा ।।
मतिसुन्दर कहै राम नाम बारम्बार ली जे ।
एतौ उपगार जान वृहत कहा की जे ।। [1]

॥ रागमाऊ ॥

उपर्युक्त मतिसुन्दर का उल्लेख कबीर की प्रामाणिक रचनाओं में भी हुआ है :--

मेरी मति बउरी मैं रामं बिसारयों, केहि विधि रहनि रहौ रे ।
सेजे रमत नैन नहिं पेखउ, यह दु:ख कासौं कहौं रे ।।

अन्तिम पंक्ति :-

सोचि विचारि देखौ मन माँही औसर आइ बन्यौ रे ।
कहै कबीर सुन्दर राजाराम रमौ रे ।।

उपर्युक्त दोहों से सिद्ध होता है कि मतिसुन्दर नाम के कोई माहात्मा अवश्य हुए थे, जिन्होंने कुछ पदों की रचना की थी । इस रचना को देखने से पता चलता है कि रचनाकार कबीर आदि संत कवियों

---

1:- हिन्दी अनुशीलन 10-1, 1957 ई0 महात्मा मतिसुन्दर शीर्षक निबन्ध, पृ0 - 28, डा0 पारसनाथ तिवारी ।

जैसे विचार के अनुसार ही अपनी भावाभिव्यक्ति की है । कबीर के उक्त पद में जो 'मतिसुन्दर' नाम आया है वही इन पदों का रचयिता होगा, क्योंकि यदि मति सुन्दर का अर्थ हम 'मति' का 'बुद्धि' करके अर्थग्रहण करें, तथा 'सुन्दर' विशेषण के बाद में आने से व्याकरण की असंगति खटकने लगती है तथा किसी प्रसंग आदि की दृष्टियों से भी इस अर्थ का उपयुक्तता सिद्ध नहीं होती ।[1] कबीर ग्रन्थावली के पाठ में 'दयाल' शब्द के संबोधन मिलने से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कदाचित कबीर, मतिसुन्दर को श्रद्धा की दृष्टि से देखते थे, क्योंकि संत परम्परा में 'दयाल' शब्द का प्रयोग केवल गुरु {परमात्मा} के लिए ही प्रयोग किया जाता है, जैसे दादू दयाल, अथवा गुरुदयाल करिहै दाया आदि ।[2] इस आधार पर केवल इतना ही कहा जा सकता है कि मतिसुन्दर नाम के कोई महात्मा कबीर के समकालीन थे जिनका उल्लेख कबीर ने अपने पदों में किया है । प्रश्न यह उठता है कि क्या कबीर की ये रचनाएं प्रामाणिक मानी जा सकती है, क्योंकि कबीर नाम के कई एक रचनाएं अप्रामाणिक सिद्ध हुई हैं, हो सकता है कि यह भी रचना अप्रामाणिक हो जिसमें मतिसुन्दर का नाम आया है । मतिसुन्दर को कबीर का गुरु मानने के लिए कोई ऐसा दृढ़ प्रमाण उपलब्ध नहीं है, किन्तु मतिसुन्दर का गुरु होना असम्भव भी नहीं है ।

---

1:-- हिन्दी अनुशीलन 10-1, 1957 ई0 महात्मा मतिसुन्दर शीर्षक निबन्ध, पृ0-28, डा0 पारसनाथ तिवारी ।

2:-- हिन्दी अनुशीलन, डा0 पारसनाथ तिवारी, महात्मा मति-

जाति :--

कबीरदास जी अपनी रचनाओं में एकाधिक बार स्वयं को जुलाहा जाति का बताया है ।

उदाहरणतया :--

हरि के नाउ बिन-बिन गति पाई ।

कहै जुलाहा कबीरा ।। [1]

x x x

मेरे राम की अमै पद नगरी ।

कहै कबीर जुलाहा ।। [2]

तू बाम्हन मैं कासी क जोलहा ।

चीन्हि न मोर गियांना ।। [3]

x x x

तू बाम्हन मैं कासो क जोलहा ।

जैसे जल जलही ढुरि मिलयौ ।। [4]

x x x

त्यौ सुरि मिला जुलाहा [5]

---

1:-- क0 ग्र0 प्रयाग, विश्वविद्यालय, पद 85, पृ0 50 ।
2:-- वही " पद 170 पृ0 - 99 ।
3:-- कबीर-ग्रंथावली प्रयाग विश्वविद्यालय, पद 118, पृ0 - 69 ।
4:-- वही पद 196, पृ0 - 114 ।
5:-- वही पद 200, पृ0 - 116 ।

इसके अतिरिक्त इनके समकालीन समझे जाने वाले संत रैदास एवं संत धन्ना ने इन्हें जुलाहा ही कहा है । इसके सिवाय जुलाहा होने की पुष्टि गुरू अमरदास अनन्तदास, रज्जब जी, तुकाराम आदि की रचनाओं तथा खजीतुन असफिया, दबिस्ताने मजहिब, अनुरागसागर कबीर कसौटी एवं डा० भंडारकर रे० वेस्टकाट आदि के मतों से भली-भांति हो जाती है । किन्तु प्रश्न यह उठता है कि कबीरदास किस प्रकार के जुलाहे थे--हिन्दी मुसलमान अथवा इन दोनों से पृथक किसी अन्य कोटि के जुलाहे ? क्योंकि केवल जुलाहा मान लेने से उन्हें अथवा उनके परिवार को इस्लाम धर्मावलम्बी कैसे माना जा सकता है? वह भी ज्ञातव्य है कि कबीरदास जी ने बारम्बार अपने को जुलाहा कहा है किन्तु मुसलमान एक बार भी नहीं कहा बल्कि अपने को सदैव इन कटघरों से पृथक बताया है ।

जोगी गोरख गोरख करै ।
हिन्दू रामं नामं उच्चरै ।।
मुसलमान कहै एक खुदाइ ।
कबीर का स्वामी घटि-घटि रहा समाइ ।। [1]

<u>मुसलमान जुलाहा :--</u>

कुछ विद्वान उन्हें जन्मना कर्मणा दोनों दृष्टियों से मुसलमान सिद्ध करना चाहते हैं । संत रैदास संत पीपा जो कबीर साहब के

---

1:-- क०-ग्र० प्रयाग विश्वविद्यालय, डा० पारसनाथ तिवारी, पद 118, पृ० - 76 ।

थोड़े समय पश्चात हुए । इन समकालीन संतकवियों ने कबीर साहब को जन्मना तथा कर्मणा से मुसलमान सिद्ध किया है ।

पं0 चन्द्रबली पाण्डेय रैदास तथा पीपा के इस संकेत को ग्रहण करते हुए अन्य अनेक साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं जो इस प्रकार हैं:--

कबीर की एक पंक्ति है :--

कहैं कबीर हमरा गोविन्द । चौथेपद महिजन की जिंद ।[1]

इसने आए हुए 'जिद' शब्द को पाण्डेय जी ने 'जिन्दीक' का बाधक माना है । जिन्दीक इस्लाम के आततायी है जिसका कध विहित है । पाण्डेय जी के अनुसार कबीर भी इसी प्रकार के जिन्दीक थे । इसलिए काजी उन्हें अनेक प्रकार का दण्ड दिया करता था ।

पाण्डेय जी ने दूसरा उदाहरण धर्मदास की रचनाओं से दिया है कि कबीर धरमदास को मथुरा में जिंद के रूप में दर्शन दिया था । धरमदास ने स्पष्ट रूप से बताया है कि जिंद सुमिरै अल्लाह खुदाहू ।[2]

पाण्डेय जी यह भी प्रमाण दिया कि अल्ला खुदा का स्मरण करने वाला व्यक्ति मुसलमान ही हो सकता है । तीसरा उदाहरण --

---

1:-- क0-ग्र0 प्रयाग विश्वविद्यालय, डा0 पारसनाथ तिवारी, पद 118, पृ0 - 76 ।

2:-- विचारविमर्श पं0 चन्द्र वली पाण्डेय, कबीरवाणी में उद्धृत पृ0 - 27 ।

भक्तमाला के प्रसिद्ध टीकाकार प्रियादास जी ने बतलाया है कि जब तत्वा जीवा नामक दो दक्षिणी पंडितों ने कबीर का शिष्यत्व स्वीकार कर अपनी जाति से बहिष्कृत होने पर अपनी कन्या के विवाह के सम्बन्ध में उनकी सम्पत्ति मांगी तब उन्होंने परामर्श दिया कि "दोऊ तुम भाई करो आप में सगाई" [1] अत: भाई-बहन के विवाह का प्रतिपादन कबीर के इस्लामी संस्कार का द्योतक है । चौथा उदाहरण- कबीर के इस पंक्ति में इस प्रकार है --

एक अचम्भौ देखिया बिटिया जावौ बाप ।
बाबुल मेरा व्याह करि उत्तम से आई ।।
जब लग बर पावै नहीं तब लगि तूं ही व्याहि । [2]

पाण्डेय जी ऐसी उक्तियों पर मुस्लिम सूफियों की विचारधारा का प्रभाव मानते हैं । बदरूद्दीन कहते हैं मेरी माता ने अपने पिता को पैदा किया । मेरा पिता उनकी गोद का एक छोटा बच्चा है जो उन्हें दूध पिलाती है । [3] सूफियों ने यह प्रतीक शैली इसलिए अपनाई कि कट्टर काजियों से उनकी प्राणरक्षा हो सके । पाण्डेय जी के अनुसार कबीर ने भी अपनी प्राणरक्षा के लिए सूफियों की उपर्युक्त शैली में उन्हीं जैसी बातें कहीं है ।

---

1:-- श्री रूपकला 'भक्तमाल' {भक्ति सुधा स्वाद तिलक सहित} लखनऊ सं0 1983, पृ0 - 486 ।

2:-- कबीर-ग्रन्थावली, डा0 पारसनाथ तिवारी, पद 110, पृ0-64

3:-- पं0 चन्द्रबली पाण्डेय विचारविमर्श में संकलित {जिंद कबीर की संक्षिप्त चर्चा} कबीर वाणी, डा0 पारसनाथ तिवारी, पृ0-2

पाँचवा उदाहरण :--

कबीर ने अपने को राम का कुत्ता कहा है और सूदखोरी की अति निंदा की है ।

देहि पईसा ब्याज को, लेखाकरता जाह ।। [1]

मुसलमानों में कल्बे मुस्तफा अर्थात मुस्तफा का कुत्ता जैसे नाम प्रचलित है और सूदखोरी भी कुरान में वर्जित है । कबीर इन्हीं संस्कारों से प्रभावित जान पड़ते हैं । [2] उर्पयुक्त उदाहरणों केअतिरिक्त फारसी शब्दावली प्रधान एकपद का हवाला देते हुए पाण्डेय जी ने निष्कर्ष निकाला है क्या भाषा, क्या भाव, क्या विचार, क्या परम्परा सभी दृष्टियों से कबीर जिंद कहते हैं । [3]

हिन्दू :--

कबीर की रचनाओं में मुस्लिम संस्कारों का वर्णन अनेक स्थानों पर अवश्य मिलता है, किन्तु साथ ही यह भी स्मरण रखना है कि उनकी रचनाओं में हिन्दू प्रथाओं का चित्रण अनेक स्थलों पर किया गया है ।

---

1:-- क0-ग्र0, प्रयाग, डा0 पारसनाथ तिवारी 21-18 , पृ0- 213
2:-- कबीर-वाणी संग्रह, डा0 पारसनाथ तिवारी, पृ0 - 28 में उद्धृत
3:-- विचार-विमर्श, पं0 चन्द्रवली पाण्डेय 'जिंद कबीर का संक्षिप्त चर्चा', कबीर वाणी में उद्धृत ।

हिन्दू प्रथा के अनुसार शव जलाने का चित्रण इस प्रकार किया है :--

हाड़ जरै जैसे लकड़ी झूरी, केस जरै जैसे गिन के तूरी । [1]

हिन्दुओं में पुत्रोत्पत्ति के समय थाल बजाने का प्रचलन है । कबीरदास ने पुत्रोत्पत्ति का संकेत इस प्रकार किया है :-

बेटा जाये क्या हुआ, कहा बजावै थाल [2]

'दुलहिनी गावहु मंगलचार' वाले पद में विवाह की बेदी, वेद मन्त्रों के उच्चारण तथा सप्तपदी आदि का उल्लेख कबीरदास द्वारा इस प्रकार हुआ है :--

सरीर सरोवर बेंदी करिहौं ब्रह्मा बेद उचारा ।
रामदेव सँगि भांवरि लेहहौं धनि धनि भाग हमारा ।।[3]

इतना ही नहीं इसका छंद विधान भी विवाह के अवसर पर हिन्दू स्त्रियों द्वारा गाये जाते वाले लोक-गीत के समान है ।

## रचनाएं :--

कबीरदास के नाम पर जो रचनाएं मिलती हैं उनका कोई प्रमाणिक स्वरूप नहीं है । कबीर पंथियों का विश्वास है कि सतगुरू की महिमा अनन्त है । कबीर के विषय में यह तो प्रसिद्ध ही

---

1:-- क0-ग्र0, प्रयाग डा0 पारसनाथ तिवारी, पद -62, पृ0 - 39
2:-- क0-ग्र0 प्रयाग डा0 पारसनाथ तिवारी, पद-5, पृ0 - 5
3:-- कबीर-ग्रन्थावली, डा0 पारसनाथ तिवारी, पद-5, पृ0 - 5

है कि 'मसि कागद छुयौ नहीं कलम गही न हाथ' जन साधारण को कबीर ने उपदेश दिया है अर्ह उपदेश मौखिक ही हुआ करते थे तो उसमें कोई संदेह नहीं कि इनके शिष्यों ने इस मौखिक रचनाओं को लिखा होगा। कबीर की रचनाओं का कोई प्रामाणिक स्वरूप न पाकर विद्वानों ने विभिन्न मत तथा रचनाओं की संख्या प्रस्तुत की है। अभी तक इन रचनाओं की कोई हस्तलिखित प्रति भी नहीं मिल पाई जिसे हम असंदिग्ध रूप से उनके समय की या उनसे सौ पचास वर्ष इधर उधर कह सकें, इसके अतिरिक्त कबीर की समझी जाने वाली सभी कृतियों की विषय, भाषा, शैलीगत एकरूपता नहीं पायी जाती। जिन पुस्तकों का वर्ण्य विषय उनके विशिष्ट मत के अपेक्षा कबीर पंथीय विचारधारा के अधिक निकट है जिनसे परवर्ती व्यक्तियों का उल्लेख है तथा देवताओं तथा प्राचीन महापुरूषों के संवाद की चर्चा आती है इन्हें कबीर कृत मानने में संकोच होता है यही नहीं बल्कि ये कृतियां मन गढ़न्त तथा अप्रमाणिक प्रतीत होती है। डा० रामकुमार ने पचासी (85) ग्रन्थों की एक तालिका तैयार की है और यह भी बताया है कि यदि स्वतन्त्र ग्रन्थों की गिनती की जाय तो वे अधिक से अधिक (56) छप्पन होंगे।[1] आदि ग्रन्थ को अधिक प्रामाणिक मानते हुए वर्मा जी ने कहा है कि 'मेरे सामने अधिक से अधिक विश्वसनीय पाठ आदि गुरूग्रन्थ साहब ही ज्ञात होता है।[2] डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी ने भी रचनाओं की

---

1:-- डा० रामकुमार वर्मा, संतकबीर, प्रस्तावना
2:-- वही " " " "

संख्या छः दर्जन सिद्ध किया है और निःसन्देह यह भी कहा है कि इनकी सब रचनाएं नहीं होगी ।[1]

रे वेस्टकाट ( सं० 1966 ) ने कबीर की रचनाओं की संख्या (82) बयासी सिद्ध किया है । इसमें वेस्टाकाट महोदय ने 'अलिफनामा' बीजक के तीन-तीन संस्करणों का नाम देकर कबीर साहब के जीवनकाल तथा कबीरपंथीय विचारधार को सम्मिलित कर लिया है ।[2]

एच०एच० विल्सन सन् 1903 ने कबीर की रचनाओं की संख्या आठ मानी है ।[3]

क्षितिमोहन सेन शान्तिनिकेतन से प्रकाशित कबीर के पदों का उल्लेख बेलवेडियर प्रेस से चार पदों का उल्लेख वेंकटेश्वर से छपी साखियों का उल्लेख करके आदिग्रन्थ कबीर ग्रन्थावली, बीजक को ही अधिक प्रमाणिक सिद्ध किया है ।

75

मिश्रबन्धुओं ने कबीर की रचनाओं की संख्या पचहत्तर सिद्ध कर दिया है तथा आदिग्रन्थ और बीजक को अधिक प्रामाणिक सिद्ध किया है ।

---

1:-- डा० हजारी प्रसाद द्विवेदी,कबीर, पृ० - 59 ।

2:-- वेस्टकाट कबीर एण्ड दी कबीरपंथ, पृ० - 112 - 114 ।

3:-- एच०एच० विल्सन रेलीजन आफ हिन्दूज भाग 1, पृ० - 76 - 77
कबीर काव्यरूप, पृ० - 29 ।

इन ग्रन्थों के अतिरिक्त कुछ ऐसे और भी ग्रन्थ कबीर के नाम से प्राप्त होते हैं जो पौराणिक कथाओं अथवा प्रवचन शैली के रूप में लिखे गए हैं। वास्तविक बात यह है कि सन्तों के अनुयायियों ने अपने गुरू तथा ईश्वर में कोई भेद नहीं किया है। पौराणिक पद्धति के अनुसार उन्होंने उनके सम्बन्ध में अनेक चमत्कार कथाओं का निर्माण किया। सन्तों का वार्तालाप देवताओं से कराया है। इन संतों ने गरूड़, दत्तात्रेय वशिष्ट हनुमान, मुहम्मद साहब, गोरखनाथ आदि महापुरूषों का वार्तालय कबीर से हुआ यह सिद्ध करते हैं, जबकि कबीर इन महापुरूषों के समकालीन नहीं थे इसलिए कबीर का इन लोगों से साक्षात्कार होना सम्भव नहीं जान पड़ता। इस प्रकार उपर्युक्त महापुरूषों के समक्ष कबीर का वार्तालाप प्रस्तुत करने वाले तथा कबीर द्वारा उन्हें उपदेश दिलाने वाले ग्रन्थ कबीर रचित नहीं हो सकते। ऐसे ग्रन्थों की रचना कबीर का महत्त्व स्थापित करने के लिए उनके शिष्यों द्वारा ही संभव है। अत: गोष्ठी, मुहम्मद बोध, गरूड़बोध, हनुमतबोध, कबीर शंकराचार्य गोष्ठी आदि ग्रन्थ कबीर रचित सिद्ध करने में हिचक प्रतीत होती है।

अनुरागसागर, ज्ञानसागर, ज्ञानस्थिति बोध नामक ग्रन्थ में कबीर के अवतार का काल्पनिक वर्णन किया गया है। उनमें हिन्दू पुराणों के समान ही सृष्टि उत्पत्ति का विस्तृत विवेचन किया गया है। विभिन्न युगों में कबीर का प्रकट होना दिखाया गया है। कबीर के जन्म धारणा की कल्पित कथाओं का वर्णन करने वाले यह ग्रन्थ भी कबीर कृत कहने में संकोच होता है।

सुमिरनपोठिका, चौका रमैनी, एकोतरा सुमिरन, इकतार की रमैनी, आरती, अठपहरा, अमरभूल नामक ग्रन्थों में कबीर पंथ में प्रचिलित उपासना पद्धति की चर्चा की गई है । कबीर स्वयं पंथ निर्माण के पक्षपाती नहीं थे तो उन्होंने पंथ के नियमों, विधियों, विधियों क ो सूचना देने वाले ग्रन्थों की रचना कैसे की होगी? कदापि नहीं की होगी ।

ज्ञानसंबोध, कबीर भेद, नाम महात्म्य, वृध निरूपण, हंस मुक्तावली मूलवानी, मूलज्ञान में नाम माहात्म्य में कबीर नाम का यश माने से मुक्तिलाभ का वर्णन है । इसे भी कबीर कृत मानने में संदेह होता है ।

अगाधमंगल, कायापंजी, स्वांस गुजार, पंचमुद्रा, सन्तोषबोध, कबीर सुरतियोग, सुरतिशब्द संवाद में कबीरपंथी साधनों का वर्णन किया गया है इसमें गुह्य विद्या की अनेक बातें प्रस्तुत की गई हैं, कबीर योगाभ्यास के पक्षपाती न थे, इस लिए वे इस प्रकार के उपदेश नहीं दिए होंगे । ज्ञान गुदड़ी, ज्ञान स्तोत्र, तीसाजल, मनुष्य विचार, उग्रज्ञान, दशमाला नामक ग्रन्थ में यत्र-तत्र कबीर की एकाध साखियां मिल गई जिससे उनके अनुयायियों ने इस रचना को कबीर कृत मान लिया है, लेकिन किसी ग्रन्थ में किसी कवि का नाम या उसके नाम के एकाध पद आ जाय तो यह मन लेना न्याय संगत न होगा । अर्धनामा, कबीर अष्टक, पुकार, सतनाम या सन्त कबीर, बन्दी छोर नामक ग्रन्थों में कबीर पंथी संतों ने कबीर की स्तुति की है और अन्त में बिच्छू आदि के विष उतारने

के कबीरपंथी मंत्र दिए गए हैं। गुरुगीता और उग्रगीता में भगवद् गीता की बातों को कबीर पंथी विचारानुसार दिया गया। अनेक स्थलों पर मूल का अनुवाद ही प्रस्तुत कर दिया गया है। यह ग्रन्थ भी किन्हीं कबीर पंथी साधु की ही रचना प्रतीत होती है। संस्कृत को कूप जल मानने वाले तथा मसि कागद न छूने वाले कबीर के नाम से इन रचनाओं का सम्बन्ध जोड़ना हास्यास्पद ही है। इस प्रकार प्रतीत होता है कि खोज रिपोर्टों में दिए गए अधिकतर ग्रन्थ या तो किसी बड़े ग्रन्थ के भाग, उपभाग हैं या कबीर के शिष्यों ने बाद में रचकर कबीर के नाम मढ़कर प्रचलित किया।

कबीर के नाम से जो सामग्री अपेक्षाकृत अधिक प्रामाणिक समझी जा सकती है वह कई परम्पराओं में प्राप्त होती है। लेकिन मुख्य रूप से तीन ही परम्परा अधिक प्रामाणिक मानी गई है।

1. राजस्थानी परम्परा, डा० श्यामसुन्दरदास द्वारा सम्पादित कबीर-ग्रन्थावली [1] का सम्बन्ध इसी परम्परा से है। इस परम्परा में प्राप्त रचनाओं का सम्बन्ध प्रमुखतः राजस्थान है। इसमें दादूपंथी तथा निरंजनी शाखाओं की रचना प्राप्त होती है।

2. गुरुग्रन्थ साहब की परम्परा--इस परम्परा में सन्तों की संग्रहीत बानियाँ आती हैं। डा० रामकुमार वर्मा ने सन्त कबीर [2] नामक ग्रन्थ में इन्हें प्रकाशित किया है।

---

1:-- डा० श्यामसुन्दर दास, कबीर-ग्रन्थावली ।

2:-- डा० रामकुमार वर्मा, सन्त कबीर ।

3· बीजक की परम्परा--यह परम्परा कबीर पंथियों में मान्य है। इसके प्राचीनतम प्रति का कुछ ज्ञान ही नहीं है। आज अनेक प्रकार के बीजक ग्रन्थ प्राप्त होते हैं। बीजक का सम्बन्ध हिन्दी के पूर्वी प्रदेश से हैं।

यह तीन परम्परायें प्रमुख हैं जिसके आधार पर कबीर सम्बन्धी अध्ययन इन प्रामाणिक ग्रन्थों से किया गया है। कबीर ग्रन्थावली-- सं0 1985 वि0 में कबीर-ग्रन्थावली का सम्पादन डा0 श्यामसुन्दर दास द्वारा हुआ। श्याम सुन्दर दास जी इसके सम्पादन में दो प्रतियों को आधार माना है, जिनमें से पहली प्रति का सम्पादन सं0 1561 तथा द्वितीय प्रति का सम्पादन सं0 1881 में बताया जाता है। इस संवत के अनुसार दोनों प्रतियों के रचनाकाल में320 वर्ष का अन्तर पड़ रहा है। इतने वर्षों में सं0 1561 वाली प्रति की अपेक्षा 131 दोहे और 5 पद सं0 1881 वाली से बढ़े हुए दिखाई पड़ते हैं, जिन्हें सम्पादक ने इस संग्रह की पद टिप्पणी में दिया है।[1] संवत 1561 वाली प्रति कबीर की मृत्यु के 14 वर्ष पहले लिखी गई है, इस सम्बन्ध में श्यामसुन्दर दास जी का कथन है कि अन्तिम 14 वर्षों में कबीरदास जी ने जो कुछ कथा की थी यद्यपि इसमें सम्मिलित नहीं है, तथापि इसमें सन्देह नहीं कि सं0 1561 तक की कबीर दास को समस्त रचनाएं इसमें संगृहित हैं।[2] इस प्रति की अन्तिम डेढ़ पंक्तियों पर अनेक विद्वानों ने कतिपय समस्यायें उठाई हैं।

---

1:-- डा0 श्यामसुन्दर दास, कबरी-ग्रन्थावली, भूमिका, पृ0 - 2

2:-- डा0 श्यामसुन्दर दास, कबीर-ग्रन्थावली, भूमिका, पृ0- 2

कबीर ग्रन्थावली के प्रस्तावना के अन्त में दी गई संवत् 1561 की लिखी गई प्रति के पहले तथा अन्तिम पृष्ठ के चित्रों को देखने से प्रतीत होता है कि उसके पुष्पिका के अन्त में जो डेढ़ पंक्ति आई है वह किस ी दूसरे हाथ से लिखी हुई ज्ञात होती है क्योंकि ऊपर वाली पंक्तियों से उसकी स्याही गाढ़ी है तथा लेखनी भी उससे कुछ मोटी हो गयी है, लिखने के ढंग में तथा शब्दों की वर्तनी में भी अन्तर है । दोनों पृष्ठों में आए हुए "य" तथा "व" अक्षरों के नीचे बिन्दी है परन्तु यह बात उन डेढ़ पंक्तियों में नही दीख पड़ती है । पुष्पिका का "दोशी" शब्द ऊपर आए "दोष" शब्द से भिन्न है । सम्पूर्ण शब्द भी ऊपर की 'पंक्ति' 'सम्पूरण' शब्द के समान नहीं है, फिर भी इसमें सं0 1561 बृहत ही स्पष्ट लिखा हुआ है ।[1] इसी बात को लेकर श्री परशुराम चतुर्वेदी भी इस प्रामाणिकता पर संदेह करते हुए कहते हैं कि यदि किसी ने सं0 1561 का लिपिकाल जोड़कर इस प्रति को प्राचीन सिद्ध करने का जाल भी रचा हो तो उसका यह यत्न सभी बातों पर विचार करते हुए संभवत: आधुनिक नहीं जान पड़ता है ।[2] डा0 पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल ने अपने ग्रन्थ 'हिन्दी काव्य' में निर्गुण सम्प्रदाय में दो प्रकार की लिखावट का कारण इसी समय के दो व्यक्तियों का लिखा हुआ मानते हैं ।[3]

---

1:-- कबीर का काव्य रूप, डा0 नजीरमुहम्मद, पृ0 - 36 ।

2:-- कबीर ﴾ राधा कृष्ण प्रकाशन ﴿ में संग्रहित कबीर साहब रचनाएं शीर्षक निबन्ध, पृ0 - 64, परशुराम चतुर्वेदी ।

3:-- डा0 पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल, हिन्दी काव्य में निर्गुण सम्प्रदाय, परिशिष्ट, भाग - 2 ।

प्रो० व्यूल दलाल का यह भी अनुमान है कि संभवत: दोनों के लिपिकर्ता समकालीन थे । अधिकतर विद्वानों ने इस ग्रन्थावली को प्रामाणिक मानकर अपने अध्ययन का विषय बनाया है । डा० पारसनाथ तिवारी ने भी प्रयाग से प्रकाशित अपने पाठ-शोध में इसकी मूलप्रति की वाणियों को अधिक संख्या में प्रामाणिक बताया है ।

गुरूग्रन्थ साहब - इस ग्रन्थ का संग्रह अर्जुन देव जी ने सं० 1661 वि० सन् 1604 ई० में किया था । इसमें प्रधानतया गुरूनानक, गुरू अंगद, गुरू अमर दास, गुरू अर्जुन देव और तेग बहादुर की रचनाएं संग्रहीत है । इन सिक्ख गुरूओं के अतिरिक्त सन्त रैदास, सन्त कबीर, नामदेव, इत्यादि आदि सन्तों की रचनाएं प्राप्य है । विषय की दृष्टि से आदि ग्रन्थ को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है ।

1- पंथ सम्बन्धी रचनाएं ।
2- पद और स्लोक सम्बन्धी ।
3- अनेक मिश्रित रचनाएं ।

प्रथम भाग में गुरूजनों के सम्बन्ध में प्रशंसात्मक पद इत्यादि है । दूसरे भा-ग की रचनाओं को रागों के अन्तर्गत विभाजित किया गया है । इसमें कबीर पद की संख्या 228 है ।

तीसरे खण्ड को भोग कहते हैं इसमें कबीर की 243 साखियां हैं । कहा जाता है कि संग्रह के अनन्तर गुरू ग्रन्थ साहब में कोई अन्तर या परिवर्तन नहीं हुआ । यह संभव है कि संग्रह के अनन्तर कोई परिवर्तन

न हुऐ हों, किन्तु प्रश्न यह उठता है कि इसमें संग्रहीत रचनाओं को प्रमाणिक कैसे मान लिया जाय । परशुराम चतुर्वेदी का कथन है कि जब गुरू अर्जुन देव के मन में यह बात आई की सिक्खों के पथ प्रदर्शन के लिए हमें कुछ नियम निर्धारित करने चाहिए तब उन्होंने धर्मगुरूओं के उपदेश संग्रहीत करने चाहे । वे स्वयं गुरू अमरदास के बड़े पुत्र मोहन के पास "गोहदवाल" गए और सुरक्षित पदों को माँग लाए साथ ही अन्य सन्तों की बानियों को भी संग्रहीत करने का प्रश्न था अतः प्रसिद्ध भक्तों के अनुयायियों को बुलवाया और उनके द्वारा श्रेष्ठ भजनों को चुनवाया । गुरुग्रन्थ साहब में उन भक्त भजनों को स्थान दिया गया जो सिद्धान्त की दृष्टि से गुरूओं की रचनाओं से मेल खाते थे । बाद में अर्जुन देव जी ने स्वयं बैठकर भाई गुरूदास से लिखवाया और 'क' भाई बूढा के संरक्षण में दे दिया । बाद में उसका एक अन्य संस्करण भाई बन्नों ने प्रस्तुत किया । तीसरी बार इसे सिक्खों के दसवें गुरू गोविन्द सिंह भाई मनीसिंह द्वारा लिखवाया । कहा जाता है कि मूल प्रति के भी दो भाग किए गए और उस पर मुझ अर्जुन देव का हस्ताक्षर ले लिया गया, इसमें से एक भाग जिला गुजरात {पाकिस्तान} में था, दूसरा दमदमा साहब में तीसरी अहमद शाह अब्दावली के आक्रमण के समय से अप्राप्य है इनकी मूलप्रति करतार पर जिला जालंधर में है । इतना होते हुए भी इस ग्रन्थ के प्रमाणीकता पर संदेह होता है ।[1]

---

1:-- परशुराम चतुर्वेदी, उत्तरी भारत की संत परम्परा, पृ0-312

अहमद शाह अब्दाली

इसमें संग्रहीत रचनाएं लिखित और मौखिक दो रूपों में से किसी एक या दोनों से प्राप्त हुई होंगी । मौखिक रूप में प्राप्त रचनाओं की प्रामाणिकता पर असंदिग्ध रूप से विश्वास नहीं किया जा सकता । कबीर के मृत्यु के पश्चात इसका संग्रह हुआ अतः गुरू-ग्रन्थ साहब के संग्रह काल तक कबीर बानियों के मूल रूप कुछ परिवर्तित होना असंभव नहीं है । संभवतः यह भी है कि जिस प्रति से संग्रह किया गया हो उसमें अन्य सन्तों की रचनाएं भी सम्मिलित हो गई हो । गुरू-ग्रन्थ में ऐसी रचनाएं जो कबीर के नाम से पाई जाती हैं वे ही गुरू-गोरखनाथ के नाम से भी मिलती हैं ।

560974

हहु मन सकती उहु मन सीउ । हहु मन पंचतत को जीउ
हहु मनु ले जउ उनमनि रहै । तउ तीनि लोक की बाते कहै ।[1]

x x x

हहु मन सकती हहु मन सीख । हहु मन पाँच वत का जीव ।
हहु मन ले जै उन मन रहे । तो तीनि लौकि की बाता कहै ।।[2]

किन्तु गुरू-ग्रन्थसाहब में एकरूपता से कबीर के शुद्ध हृदय की झलक अवश्य मिलती है ।

---

74-10
5311

1:-- गुरू ग्रन्थ साहब - राग गउड़ी - बावन आखिरी 33/75 ।

2:-- गोरखनाथ बानी, पृ0 - 18/50 डा0 पीताम्बर दत्त बड़थ्याल ।

इसमें कबीर की वे ही रचनाएं हैं जिनमें श्रृंगार मूलक भाव की अपेक्षा सेव्य सेवक की भावना की प्रधानता, दैन्य कातरता और श्रद्धा है। जिस प्रकार से निश्चित तिथि उस संग्रह की है वैसी अन्य संग्रह की नहीं। आदि ग्रन्थ में संग्रहीत रचनाओं को अनेक विद्वानों ने प्रामाणिक मानकर कबीर सम्बन्धी अध्ययन किया है।

बीजक :--

कबीर पंथियों का पूज्य ग्रन्थ बीजक ही है। बीजक के एक साखी [1] से डा० नजीर मुहम्मद जी अपने शोध ग्रन्थ में बीजक का अर्थ इस प्रकार बताते हैं बीजक शब्द साधारणत: उस सूची के लिए प्रयुक्त होता है जिसे माल बेचने वाला माल के साथ खरीदने वाले के पास भेजता है तथा जिसमें माल का विवरण मूल्य दर आदि लिखा होता है। इस प्रकार विक्रेता द्वारा भेजी गई सूची प्रमाणिक समझी जाती है। [2] बीजक शब्द का प्रयोग एक अन्य अर्थ में भी हुआ है। बनारस के समीप बरोह नामक जाति निवास करते थे तब राजपूतों ने उन पर आक्रमण किया तो उन्होंने अपने धन को यत्र-तत्र गाड़ दिया और उन स्थानों की सांकेतिक सूची अपने पास रखी। इस सांकेतिक सूची को वे बीजक कहते थे, जो इस संकेत तक सूची को किसी और को नहीं बताते थे, केवल

---

1:-- बीजक बतावैं वित्त को जो वित गुप्ता होय। [विसे]
शब्द बतावै जीव को बूझे विरक्ताकोय ।। बीजक पृ० - 13 ।

2:-- कबीर के काव्य रूप, डा० नजीर मुहम्मद, पृ० - 38 ।

अपने उत्तराधिकारी को ही बताते थे ।[1] कबीर भी इस प्रयोग से परिचित थे । जैसाकि उपरोक्त साखी में कहा है कि "बीजक उस धन को बताता है जो गुप्त होता 'शब्द' जीव को बताता है लेकिन इसे कोई बिरले ही समझ पाते हैं" रे वेस्टकाट ने बीजक का संग्रहकाल सं0 1636 स्वीकार किया है । डा0 पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल सं0 1660 के पूर्व बीजक का अस्तित्व स्वीकार नहीं करते । डा0 पारसनाथ तिवारी बीजक के मूल रूपान्तर का संकलन अनुमानतः सं0 1650 वि0 के पश्चात विक्रम की सत्रहवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में अर्थात कबीर साहब के देहान्त के लगभग सौ वर्ष बाद मानते हैं ।[2] इन सब मतों से स्पष्ट होता है कि बीजक का संग्रह कबीर की मृत्यु के बहुत बाद हुआ । जिससे-सम्भव हो सकता है कि अन्य कवियों की रचना भी सम्मिलित कर ली गई हो । उसका पुष्ट प्रमाण यह है कि वर्तमान समय में जितनी टीकायें प्राप्त हैं उनके मूल ग्रन्थों के टीकाओं में मूल अन्तर प्रतीत होता है ।

आदिमंगल सागर, बीजक के पद रीवां नरेश विश्वनाथ सिंह के ग्रन्थों की टीका और अहमद शाह की टीका में प्राप्त है । किन्तु कबीर के अन्य रचनाओं में ये सामग्री प्राप्त नहीं है । सायर बीजक का पद नामक अंश नई विचारधार का प्रतिनिधित्व करता है । रमैनी, शब्द, चौतीसा, बेलि, विरहुली, हिंडोला और साखी बीजक की प्रत्येक टीका के प्रति में है । परन्तु क्रमसंख्या और भाषा में कुछ अंतर

---

1:-- कबीर के काव्य रूप, डा0 नजीर मुहम्मद, पृ0-38 ।

2:-- डा0 पारसनाथ तिवारी, कबीर ग्रन्थावली, भूमिका, पृ0 - 99 ।

हो गया है । इससे प्रतीत होता है कि कबीर के मौखिक पद कबीर के निधन के उपरान्त लिपिबद्ध किए गए होंगे अन्यथा अन्तर न होता । बीजक की रमैनियां अधिक प्रामाणिक नहीं प्रतीत होती क्योंकि कबीर ग्रंथावली और गुरुग्रन्थ साहब में सृष्टि सम्बन्धी मान्यता अद्वैत वेदान्त के अधिक निकट है किन्तु बीजक रमैनी में सर्वत्र सृष्टि क्रम का पौराणिक रूप है जो कबीर पंथी धारा के विचार के अधिक निकट है ।

बीजक कबीर पंथियों का प्रामाणिक ग्रन्थ है । यह सम्भव है कि बीजक में कुछ शब्द बाद के हों फिर भी बीजक कबीरदास के मतों का पुराना और प्रामाणिक संग्रह है । कबीर के अध्ययन करने वाले सभी विद्वान बीजक को प्रामाणिक मानते है । बीजक का संकलन कबीर द्वारा पूर्वी प्रदेश में कही गई वाणियों के आधार पर हुआ इसलिए इसमें पूर्वी भाषा का आधिक्य है । रामचन्द्र शुक्ल, हजारी प्रसाद द्विवेदी आदि विद्वानों ने बीजक को अधिक प्रामाणिक माना है ।

यद्यपि किसी भी संग्रह के सम्बन्ध में विद्वान एकमत नहीं हैं फिर भी इन्हीं तीनों संग्रहों को प्रायः विद्वानों ने अपने विजय का अध्ययन बनाया है । कबीर ने इस संग्रहों में प्राप्त होने वाले काव्यरूप निम्नलिखित हैं :---

<u>कबीर-ग्रन्थावली :--</u>

साखी, पद, रमैनी, बावनी, बेलि, वार, बसन्त, आदि ग्रन्थ-सलोक सबद, बावनआखिरी, थिती, वार बसन्त ।

कबीर बीजक :--

साखी, सबद, रमैनी, चौतीसा, विप्रमतीसी, कहरा, बसन्त, चाँचर, बेलि, बिरहुली, हिंडोला ।

---: अध्याय ~~द्वितीय~~ प्रथम : 'ख'

गुरुनानक देव की जीवनवृत, व्यक्तित्व व कृतित्व :--

गुरुनानक देव की जीवनी और उनके अनन्तर प्रचलित सिखधर्म तथा 'खालसासम्प्रदाय' के इतिहास की सामग्री बहुत कुछ अंशो में उपलब्ध है ।[1] गुरु नानक देव की वाणियों को संग्रह कर उन्हें सुरक्षित रखने की परिपाटी भी उनकी मृत्यु के कुछ ही पीछे आरम्भ हो गयी थी और इस नियम का पालन अन्य गुरुओं की कृतियों के सम्बन्ध में भी होता आया ।[2] फिर भी गुरु नानक देव तथा उनके अनंतर आने वाले अन्य सिख गुरुओं के जीवन-चरित्रों पर अभी तक पौराणिकता की छाप बहुत अंशों तक लगी हुई दीख पड़ती है और इसका कारण केवल यही है कि इधर के लेखकों ने भी उन्हें ऐतिहासिक सामग्रियों के आधार पर आश्रित कर उनकी प्रत्येक बात की छानबीन नहीं की बल्कि अधिकतर पुराने अनुयायियों के कथनों को ही मानते चल आ रहे हैं ।[3] कहीं-कहीं गुरु नानकदेव को देवत्व तथा ईश्वरत्व भावना से युक्त 'निरंकारी' बना डाला है । उनके साथ ऐसी अलौकिक घटनाएं सम्बद्ध कर दी हैं जिन्हें श्रद्धाजनित काल्पनिक चमत्कार ही कहा जा सकता है ।

---

1:-- परशुराम चतुर्वेदी : उत्तरी भारत की संत परम्परा, पृ0 - 287 ।

2:-- वही, पृ0 - 288 ।

3:-- वही, पृ0 - 289 ।

सिखों के पुराने धार्मिक साहित्य संग्रहों के अनुसार गुरू नानकदेव का जन्म विक्रमोय सं0 1526 के वैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया, तदनुसार 15 अप्रैल सन् 1469 को राइमोई की तलवंडी नामक गांव में हुआ था, जो बाद में गुरू नानक देव का जन्म स्थान होने के कारण 'नानकाना' नाम से प्रसिद्ध हो गया । यह गांव वर्तमान लाहौर नगर के दक्षिण-पश्चिम लगभग तोस मोल की दूरी पर एक ऐसो जगह अब स्थित है, जो गुजरानवाला एवं मांटगुमरो जिलों की सीमा के पास हो पड़ती है । गुरू नानक देव के पिता कालूचन्द उसो गांव के पटवारो थे । खेती-बारो का व्यवसाय भी करते थे और उनको माता का नाम तृप्ता था । परम्परानुसार तृप्ता की प्रथम संतान मायके 'मांझ' में उत्पन्न हुई । नाना के यहां उत्पन्न होने के कारण पुत्रो का नाम 'नानको' रखा गया । नानक का नाम भी उक्त नानको बहन के नाम के अनुसरण में ही रखा गया ।

गुरूनानक देव बचपन से ही शांत स्वभाव के थे । इन्होंने अपनी अलौकिक प्रतिभा और विलक्षण बुद्धि से सबको चकित कर दिया । इसका ध्यान पुस्तकों और शिक्षकों की बातों से अधिक एकांतवास और चिंतन की ओर लगता था और ये बहुधा पास वाले जंगल में जाकर विचार किया करते थे । इन्हें पंजाबी, हिन्दो, संस्कृत एवं फारसी की काफी शिक्षा मिली थी । किन्तु प्राकृतिक वातावरण और स्वयं सोचने विचारने के पूर्ण अभ्यास के कारण इनका समय आत्मचिंतन के

आवेश में व्यतीत होने लगा और यही कारण है कि इनका मन कारोबार में नहीं लगता था। माता-पिता की झिड़की पाकर बहन नानकी के ससुराल चले गये और उसके पति जयराम की सहायता पाकर दौलत खाँ लोदी की किसी कर्मचारी की देखरेख में मोदीखाने की नौकरी कर ली। बहन के विवाह के अनन्तर इनका भी विवाह बटाला जिला गुरुदासपुर निवासी मुला नामक व्यक्ति की पुत्री सुलखनी के साथ हो गया था। इन्हें दो पुत्र श्रीचन्द, लक्ष्मीचन्द उत्पन्न हुए किन्तु पति-पत्नी के पारस्परिक भाव कभी आदर्श नहीं रहे, और गुरुनानक घर छोड़कर भ्रमण करने लगे।

कहते हैं कि मोदी खाने की नौकरी करते समय एकबार जब गुरुनानक देव आटा तौल रहे थे, तब तराजू का क्रम गिनते समय तेरह तक आते-आते इन्हें अचानक भावावेश हो आया और वे बड़ी देर तक 'तेरा' 'तेरा' करते हुए उचित से अधिक आटा तौलकर दे डाला, परिणामस्वरूप इन्हें अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा और विरक्त होकर देश भ्रमण के लिए निकल पड़े। इसके पहले नानक ने जाकर तीन दिन के लिए ये कहीं जंगल में गुम हो गये थे। कहा जाता है वहाँ इन्हें किसी ज्योति व जोतिर्मनि पुरुष के दर्शन हुए थे। उस दर्शन से प्रभावित होकर घर आते ही अपनी वस्तुएं दूसरों को बाँटने लगे और अपनी वेषभूषा में भी परिवर्तन कर लिया। इनका अब संसारी व घरेलू बातों में तनिक भी जी नहीं लगता था और ना हिन्दू ना

मुसलमान के भाव से भरे उपदेश दिया करते थे। इनका पक्का साथी 'मर्दाना' 'रवाब जाकर इनका साथ दिया करता था।

भ्रमण के समय ये दोनों पहले-पहल सैयदपुर {वर्तमान अमीनाबाद} पहुंचे। वहां लालो नामक बढ़ई जिनकी गणना शूद्रों में की जाती थी, के घर ठहरे और भोजन किया जिससे समाज में बुरा भला कहा गया। किन्तु गुरू नानक देव इससे विचलित नहीं हुए और वर्ण-व्यवस्था की अनावश्यकता ठहराकर बढ़ई के परिश्रम से कमाये गये अन्न को अत्यंत पवित्र बतलाया। इसके अनन्तर अन्य गांव तथा अन्त में कुरूक्षेत्र में ग्रहण के अवसर पर उपदेशदेते हुए हरद्विार गये जहां मेला लगा हुआ था। इस यात्रा के अवसर पर गुरू नानकदेव अपने सिर पर मुसलमान कलंदरों वा संयासियों की टोपी वा पगड़ी धारण करते थे, ललाट पर हिन्दुओं की भांति केशर का तिलक लगाते थे और गले में हड्डियों के मनकों को एक माल डाल लेते थे। इनके शरीर पर इसी प्रकार एक लाल वा नारंगी के रंग की जेकेट रहा करती थी जिस पर ये एक सफेद चादर डाले रहते थे। इनकी वेशभूषा से लोगों के सहसा पता न चलता था कि वे इन्हें किस धर्म वा सम्प्रदाय में दीक्षित समझें, इन्हें हिन्दू माने अथवा मुसलमान। हरिद्वार से ये दोनों साथी देहली और पीलीभीत होते हुए काशी पहुंचे और फिर वहां से गया होते हुए कामरूप तथा जगन्नाथपुरी जाकर लौट आये। पूर्व की यात्रा समाप्त कर ये लोग अजोधन वा पाकपट्टन की ओर बाबाफरीद 'शकर गंज' के वंशज शेख ब्रह्म {इब्राहीम} वा शेख फरीद द्वितीय से मिलने गये।

उन दोनों में बड़ी देर तक सत्संग होता रहा । कुछ समय पश्चात ये लोग पश्चिम को ओर घूमते हुए दुबारा पाकपट्टन गये और शेख फरीद द्वितीय के साथ इनका पुनर्वार सत्संग हुआ । कहते हैं कि इसी यात्रा के अवसर पर उत्तर की ओर लौटते समय गुरू नानकदेव के साथ बाबर बादशाह से भी भेंट हुई थी । फिर इन लोगों ने सियालकोट होते हुए काबुल तक की यात्र की । वहां से लाहौर की ओर लौटकर दुनीचंद को श्राद्ध के अवसर दिया । उत्तर-पूर्व की ओर जाकर किसी लखपती खत्री को इतना प्रभावित किया कि उसने रावी के किनारे करतारपुर नाम का एक नगर बसाना आरम्भ कर दिया और एक सिख मंदिर बनवाकर गुरू को अर्पित कर दिया ।

गुरू नानक देव ने रात्रि के पिछले पहर में भजन गाने की प्रथा चलाई । उनके पीछे खड़ा होकर भजनों को प्रेमपूर्वक श्रवण करने वाला एक सात वर्षीं बालक वहां नियमपूर्वक आने लगा । गुरू के प्रश्न करने पर उसे अपने वहां उपस्थित होने का कारण इस प्रकार बताया । 'एक दिन मेरी मां ने मुझे आग जलाने के लिए कहा थी। जब मैंने लकड़ियां जलाने के लिए लगायीं, तब देखा कि छोटी-छोटी टहनियां पहले जल जाती हैं और बड़ी-बड़ी लकड़ियों की बारी पीछे आया करती है । यह देखकर मुझे भय हो गया कि कम अवस्था वाले पहले मर जायेंगे और बड़ों की बारी पीछे आयेगी और यही विचार कर मैंने आपके भजनों का श्रवण करना उचित समझा । गुरू नानक देव इसे सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और वैसे गंभीर कथन के कारण उस बालक का नाम 'बुड्ढा' रख [illegible]

समय में उसने पांच गुरुओं को अपने हाथ से उनके आसन पर तिलक द्वारा अभिषिक्त किया [1]। करतारपुर में गुरुनानकदेव के निवास स्थान पर प्रतिदिन 'जपुजी' एवं 'असा दीवार' का पाठ तथा भजनों का गान हुआ करता था। आरती के बाद जलपान किया जाता। तीसरे पहर फिर गान होता, संध्या समय सोदर का पाठ हो जाने पर सभी सिख एक साथ भोजन किया करते थे। एक बार पुनः गान होता और अन्त में 'सोहिला' का पाठ समाप्त हो जाने पर लोग सोने जाते थे। गुरु नानकदेव यात्रावली पोशाक का परित्याग कर कमर में एक डुपट्टा, कंधे पर एक चादर तथा सिर पर एक पगड़ी मात्र धारण करने लगे थे।

गुरुनानकदेव एक बार दक्षिण की ओर भी यात्रा करने निकले। मार्ग में जैनियों और मुस्लिम फकीरों की साथ सत्संग करते उपदेश देते सिंहल द्वीप पहुंचे गये। वहीं पर इन्होंने 'प्राणसंगली' नामक ग्रन्थ की रचना की और सैदों तथा घुट्टों ने उसे पीछे से लिपिबद्ध किया था। वहां से गुरु नानकदेव अचल बटाला फिर कश्मीर की ओर गये। पश्चिम में मक्के तक पहुंचे थे।

अपना अन्तिम समय जानकर गुरु नानक देव ने अपने प्रिय शिष्य लहिना को विधिपूर्वक गद्दी पर बैठाया और उसका नाम

---

1:-- परशुराम चतुर्वेदी, उत्तरी भारत की संत परम्परा पृ0 - 294 ।

गुरु 'अंगद' रख दिया । गुरु नानक देव अपने अन्तिम समय में एक वृक्ष के नीचे जा बैठे और भजन गाने वाले सिखों की मंडली के मध्य आत्मचिंतन में मग्न हो गये । जब 'जपुजी' की अन्तिम पंक्तियों का पाठ हो रहा था, उसी समय उन्होंने अपने शरीर पर चादर ओढ़ ली और 'वाह गुरु' कहते-कहते शांत हो गये । इनकी मृत्यु आश्विन-शुक्ल 10 को करतारपुर के निवास स्थान पर सं0 1595 अर्थात सन् 1538 ई0 में हुई थी ।

गुरु नानकदेव ने समय-समय पर अनेक पदों की रचना की थी, जो अन्य गुरुओं की रचनाओं के साथ {ग्रन्थ साहिब} में संगृहित है । इनकी सबसे मुख्य और प्रसिद्ध रचना 'जपुजी' है । इसमें कुल 38 छंद है और अन्त में एक सलोक है । इनकी दूसरी प्रसिद्ध रचना 'असा दी बार' है । इसके अन्तर्गत 24 पौडियां हैं । इनके अतिरिक्त उनकी रचनाओं में से कुछ 'रहिरास' नामक पद-संग्रह में आई हैं, कुछ को 'सोहिला' नामक संग्रह में स्थान मिला है जिनका 'सोवन वेला' में पाठ हुआ करता है । इनकी शेष रचनाएं फुटकर पदों आदि के रूप में 'ग्रन्थ साहिब' के अन्तर्गत भिन्न-भिन्न रागों में महला । के नीचे संगृहीत हैं ।

## ग्रन्थ साहब की भाषा :--

ग्रन्थ साहब के महला । में सिक्ख गुरु नानक के उपदेश संग्रहीत

हैं। पंजाब के होते हुए भी इन सिक्ख गुरूओं ने अपना उपदेश दिया है। अत: ग्रन्थ साहिब की भाषा मूलत: खड़ी बोली है किन्तु पंजाबी प्रभाव पर्याप्त मात्रा में है। यत्र-तत्र राजस्थानी प्रभाव भी है। ग्रन्थ साहिब में विदेशी {अरबी-फारसी} प्रचलित शब्दों का प्रयोग पर्याप्त हुआ है।

## ----: द्वितीय अध्याय :'क'----

### कबीर-ध्वनिग्रामिक अनुशीलन :--

वर्णग्रामिक विश्लेषण मात्रा, तुक, ध्वनि, पद, वाक्य गठन के आधार पर कबीर काव्य में 41 ध्वनिग्रामों की स्थापना की जा सकती है । इनमें 39 खण्डीय तथा दो खंडेतर ध्वनिग्राम हैं । खण्डीय ध्वनिग्रामों के अन्तर्गत 10 स्वर तथा 29 व्यंजन ध्वनिग्राम हैं । ये ध्वनियाँ स्वत्यान्तर युग्म में आकर अर्थभेदक होती है अर्थात समान ध्वन्यात्मक परिवेश में घटित होकर भी व्यतिरेकात्मक रहती हैं । इसलिए इन्हें ध्वनिग्राम की संज्ञा दी जा सकती है ।

### मूलस्वर :--

अ आ इ (इ०) ई उ (उ०) ऊ ए (ए०) ओ (आ

### संयुक्त स्वर :--

ऐ (अ ए - अ ड) (ऐ) औ अओ - उ

( ) इस चिह्न के अन्तर्गत सह ध्वनिग्राम अंकित किया गया है ।

उपर्युक्त सह ध्वनिग्रामों की ध्वन्यात्मक प्रकृति उच्चार स्थान प्रयत्न आदि के सम्बन्ध में कुछ निश्चित नहीं कहा जा सकता क्योंकि अध्ययन सामग्री केवल लिखित रूप में प्राप्त है । ध्वनिग्रामिक वितरण से इतना अवश्य अनुमान लगाया जा सकता है कि उर्पयुक्त स्वर

आधुनिक मानक हिन्दी के समान है । अतएव आधुनिक मानक हिन्दी के सन्दर्भ में इन स्वरों को मानचित्र में निम्नलिखित रूप में दिखाया जा सकता है :--




समान ध्वन्यात्मक परिवेश में घटित होने तथा स्वत्यान्तर युग्म में अर्थभेदकता के गुण से समन्वित होने के कारण उपर्युक्त स्वरों की ध्वनिग्रामिक स्थिति आधुनिक मानक हिन्दी में है । इसीलिए कबीर ग्रन्थावली की भाषा में स्वत्यान्तर युग्मों का दृष्टान्त देकर इनकी ध्वनिग्रामिक स्थापना की विशेष आवश्यकता नहीं प्रतीत होती, आधुनिक मानक हिन्दी में स्वरों का स्वरूप सहज ही सिद्ध हो जाता है, लेकिन कबीर के काव्य में आए हुए सहध्वनिग्राम की चर्चा कर ही देना ही उचित है :--

इ    कोइ    सा० 4/40/1

| | | | |
|---|---|---|---|
| इ<br>0 | सोइ<br>0 | सा0 | 28/7/1 |
| | कोइ<br>0 | सा0 | 4/42/1 |
| उ<br>0 | सुखदेउ<br>0 | सा0 | 4/40/2 |
| | पाँचउ<br>0 | सा0 | 5/1/2 |
| ए | बेबहारा | र0 | 14/14 |
| | एक | चौ0र0 | 1/2 |
| ओ | सोइ<br>0 | सा0 | 28/7/1 |
| | जोलहा | र - | 18 |

कबीर ग्रन्थावली में अनुस्वार और विवृत्ति, गौण ध्वनिग्राम के रूप में पाए जाते हैं। इनकी स्थापना स्वत्मान्तर युग्मों के आधार पर सिद्ध होती है।

## व्यंजन - ध्वनिग्राम

"बावन आखिर लोक में, सब कछु इनहीं माहि"।

इस रमैनी में कबीर ग्रन्थावली की एक चौतीस में संस्कृत के 52 अक्खरों (अक्षरों) की परम्परा की ओर संकेत किया गया है। प्रस्तुत रमैनी में ओं (ओंकार) के अतिरिक्त किसी स्वर से रमैनी

---

नहीं प्रारम्भ की गई है, न किन्तु एक व्यंजन से प्रारम्भ करके 34 रमैनी होती है । प्रथम चरण में आने वाली व्यंजन ध्वनियों का क्रम तथा विवरण निम्नलिखित है :--

क् च् ट् त् प्
ख् छ् ठ् थ् फ्
ग् ज् ड् द् ब् (स)
घ् झ् ढ् ध् भ् (ज) (ब) (व)
(न) (न) ण् न् म् र् स्
ल् ह्
व्

उपर्युक्त व्यंजन तालिका में आए हुए ध्वनिग्रामों का वैज्ञानिक विश्लेषण करने से विदित होता है कि उस तालिका में अधिकांशत: वही व्यंजन ध्वनिग्राम है जो कबीर काल के पूर्व संस्कृत, पाली, प्राकृत अपभ्रंश में वर्तमान थे और जो आज आधुनिक हिन्दी तथा उसकी बोलियों में पाये जाते हैं । (स) (ज) (ब) (न) (न) आदि चिन्हित ध्वनियों की स्थिति विचारणीय है । प्रस्तुत रमैनी में 'घ' और 'झ' के पश्चात् क्रम से 'न' लिपिग्राम से पंक्तियां प्रारम्भ की गई हैं, जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि -- वर्णक्रम में 'घ' के पश्चात 'ङ' और 'झ' के पश्चात आने वाले 'ञ' ध्वनि की ध्वनिग्रामिक स्थिति नहीं रह गई थी फिर भी ये ध्वनियां सम्भवत:

संस्वन के रूप में उच्चरित होती थीं क्योंकि यदि उच्चरित न होती तो 'ङ' और 'ञ' के बाद 'न' से पंक्ति प्रारम्भ करने की आवश्यकता न पड़ती। इससे यह सिद्ध हो जाता है कि 'ङ' 'ञ' ध्वनिग्राम नहीं थे 'न' ( संस्वन के रूप में प्रयुक्त होते ) थे।

इसके साथ ही साथ ये ध्वनियाँ सवर्गीय थीं, अर्थात कवर्ग के पूर्व ध्वनिग्राम 'न' ङ संस्वन के रूप में चवर्ग के पूर्व 'न' ध्वनिग्राम ( ) संस्वन के रूप में सुनाई पड़ता था। यह भी सिद्ध हो जाता है कि यह संस्वन केवल माध्यमिक स्थिति में प्रयुक्त होते थे। कबीर ग्रन्थावली के उदाहरण से इसका और ही पुष्टीकरण होता है। यथा:--

| | |
|---|---|
| कंकर | कङ्कर |
| कंगन | कङ्गन |
| कंखर | कङ्खर |
| कंचन | कचन |
| गंगा | गङ्गा |
| चंचु | चचु |

द् के पश्चात् ण् लिपिग्राम से पंक्ति आरम्भ की गयी है जिससे यह संकेत मिल जाता है कि कबीर ग्रन्थावली में 'ण' को एक ध्वनिग्राम के रूप में माना गया है जो आदिम, मध्य व अंतिम तीनों स्थिति में प्रयुक्त होता था। कहीं-कहीं 'ण' और 'न' मुक्त परिवर्तन की

स्थिति में है ।

नागरी वर्णमाला चवर्ग के पश्चात अर्धस्वर [अंतःस्थ] य आता है । इसलिए प्रस्तुत रमैनी में 'म' के पश्चात रमैनी 'य' से प्रारम्भ होना चाहिए था किन्तु रमैनी 'य' के साथ 'ज' लिपिग्राम प्रयुक्त हुआ है । इससे यह पता चलता है कि कबीर काल में 'य' के स्थान पर प्रयुक्त 'ज' प्रयुक्त होने लगा था ।

उपर्युक्त वर्णक्रम परम्परा के अनुसार 'व' के पश्चात 'श' लिपिग्राम आना चाहिए, किन्तु रमैनी में 'श' से कोई पंक्ति प्रारम्भ नहीं की गई है, अर्थात 'श' ध्वनिग्राम के रूप में नहीं मिलता । विरल संस्वन के रूप में श्री में [श् + र्] यह वर्तनी में अवश्य वर्तमान है ।

'श' के पश्चात क्रमशः 'ष' । लिपिग्राम आना चाहिए । वैदिक तथा संस्कृत भाषा में इस लिपिग्राम से मूर्धन्य 'ष' का बोध कराया जाता था, किन्तु पाली प्राकृत, अपभ्रंश में उसकी ध्वनिग्रामिक स्थिति लुप्त हो चुकी थी फिर भी कबीर ने अपनी रमैनी में 'व' के पश्चात इस 'ष' लिपिग्राम से रमैनी की एक पंक्ति प्रारम्भ की है । इसलिए हम इसे 'स' लिपिग्राम मानकर 'स' के स्वर संस्वन को बोधक स्वीकार करेंगे ।

कबीर ग्रन्थावली में अधिकांशतः मूर्धन्य ध्वनियों के पूर्व सवर्ग [ष] सह लिपिग्राम का प्रयोग हुआ है, यथा--अविष्ट, तष्ट, अष्ट

आदि । इस ध्वन्यात्मक परिवेश ﴾ ष ﴿ से 'ख' ध्वनिग्राम को नहीं बल्कि 'स' ध्वनिग्रामके एक संस्वन का ही बोध कराया गया है । रमैनी में 'व' के पश्चात 'ब' से कबीर का विचार रहा होगा ऐसा अनुमान लगता है ।

रमैनी 'ह' के पश्चात ﴾ब﴿ लिपि चिह्न पुन: दिया गया है प्रचलित परम्परा के अनुसार 'ह' वर्णक्रम के पश्चात 'क्ष' आता है । मध्यकाल में संयुक्त क्ष , पख, ख में परिवर्तित हो गया था, इसलिए कबीर में इसके स्थान पर 'ख' ध्वनिग्राम किया है जिसे आधुनिक नागरी की लिपिग्राम माला के अनुसार 'ख'[1] से व्यक्त करना चाहिए । 'ष' लिपिग्राम से नहीं ।

कबीर ग्रन्थावली में त्र, ञ्य ﴾ज्ञ﴿ संयुक्त व्यंजनों को 'त्र' और ञ्य से युक्त लिपिग्राम से व्यक्त किया गया है, किन्तु प्रस्तुत रमैनी में दिया नहीं गया है । इससे यह संकेत मिलता है कि कबीर-ग्रन्थावली में कबीर-काल तक भाषा के ध्वनिग्रामिक गठन में जो परिवर्तन आ गया था उसे किसी न किसी प्रकार से स्वीकार किया है ।

कबीरकाल तक ड का संस्वन ड़ और ढ़ का नया संस्वन 'ढ़' विकसित हो गया है ।

---

1:-- श्रीमाता बदल जायसवाल, कबीर की भाषा, पृ0 - 12 ।

नोट- कबीर-ग्रन्थावली के सम्पादक डा0 तिवारी जी ने इसे 'ष' लिपि-चिह्नित से व्यक्त किया है जो वैज्ञानिक नहीं प्रतीत होता है ।

न, म, ल के महाप्राण न्ह, म्ह, ल्ह विकसित हो गए थे

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| यथा - | कान | प0 | 165/4, | सा0 1/12/1 |
| | कान्ह | प0 | 136, | 131/10 |
| | कालि | सा0 | 16/72/2 | |
| | काल्हि | सा0 | 15/22/2, | 2/12/2 |
| | कुम्हार | सा0 | 12/1/2, | 15/64/1 |

इस प्रकार कबीर ग्रन्थावली में पाए जाने वाले 29 व्यंजनों को मानक हिन्दी के सन्दर्भ में निम्नलिखित तालिका में व्यक्त किया जा सकता है ।

| | द्वयोष्ठ्य | दन्त्य | वर्त्स्य | मूर्धन्य | तालव्य | कंठ्य | काकल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पर्श | प् ब | त् द् | | ट् ड् | | क् ग् | |
| | फ् भ् | थ् ध् | | ठ् ढ् | | ख् घ् | |
| स्पर्श संघर्षी | | | | | च् ज् | | |
| | | | | | छ् झ् | | |
| नासिक्य | म् (म्ह) | | न् न्ह | ण् | (ञ) | (ङ) | |
| पार्श्विक | | | ल् (ल्ह) | | | | |
| लुंठित | | | र् | | | | |
| उत्क्षिप्त | | | | ड़् (ढ़्) | | | |
| संघर्षी | | | स् | | | | ह् |
| अर्द्धस्वर | व् | | | | य् | | |

खंडितरध्वनिग्राम :--

§1§ अनुस्वार और अनुनासिकता :--

| | | |
|---|---|---|
| बास | सा० | 9/23/2 |
| बाँस | प० | 144, सा० 22/8/2 |
| अति | प० | 15/11 |
| अँति | प० | 18/2 |
| पड़ा | सा० | 18/2, सा० 15/4/2 |
| पंडा | प० | 163/4 §पुजारी§ |
| खड़ा | प० | 8/13 |
| खँडा | प० | 143/5 |
| पख | सा० | 17/2/2 |
| पँख | प० | 1/3 |

आंतरिक विवृत्ति :--

तिनका ।। सा० 2/50/2 = §घास§

तिन + का ।। प० 80/5 = उनका सर्वनाम

जनमाहि ।। सा० 15/6/1 = §जनम को§

जन + माहिं ।। § जनमें §

अनुस्वार के निम्नलिखित छः संस्वन मिलते हैं ।

§ङ:§ ङ· मिश्रित अनुनासिकता या कवर्गीय अनुनासिकता

यथा - कङ्गन

पङ्·कज प0 30/3,

पङ्·खं प0 1/3

मिश्रित अनुनासिकता या चवर्गी अनुनासिकता

यथा-- कंचन

चंचल

पंचे सा0 15/61/1

पंजर सा0 2/33/1

§ ण् § ण् मिश्रित अनुनासिकता - यह मूर्धन्य अनुनासिकता है--

यथा - डण्डा प0 62/6

डण्ड प0 143/4

डण्डूल सा0 25/14/1

पण्डित प0 85/8

पण्डा प0 163/4

§ म् § म् मिश्रित अनुनासिकता - यह पवर्गीय अनुनासिकता है--

यथा - कुम्भ प0 348

कुम्भक प0 15/7

§ न § न् मिश्रित अनुनासिकता - यह दन्त्य अनुनासिकता है -

यथा - था पन्थी प0 2/31/1

§ -ं- § इसे शुद्ध अनुनासिकता कहा जा सकता है :--

यथा - नांम प0 20/6

रांम प0 5/10

बांन प0 121/4, 132/4

संक्रामक अनुनासिकता :--

में ङ् म् के प्रभाव से उनके पूर्व ध्वनि अनुनासिक हो गयी है ।

स्वर वितरण :--

अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐं, ओ, औ, और स्वर शब्द की प्राथमिक माध्यमिक और अन्तिम स्थितियों में प्राप्त है । 'ऋ' के अतिरिक्त अन्य स्वरों का वितरण निम्नलिखित है ।

| स्वर | प्राथमिक स्थिति | | माध्यमिक स्थिति | | अन्तिम स्थिति | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | अमर | प0 152/12 | सुअटा | प0 9/4 | जीअ | प0 132/2 |
| अं | अंक | सा0 4/20/2 | अभिअंतर | प0 130/9 | भईआ | प0 135/6 |
| आ | आखर | सा0 28/6/1 | गिआंन | प0 133/9 | भईआ | प0 156/6 |
| | आगम | प0 101/3 | अगार | प0 2/53/1 | अंगा | प0 79/5 |
| आं | आंधी | प0 52/5 | छांड़ुउ | प0 2/6 | बेरियां §बेलाएं§ | प0 126/4 |
| इ | इह | प0 113/6 | अंखियन | सा0 2/36/9 | अघाइ | सा0 15/14 |
| इं | इंन्द्र | प0 14/9/6 | किवांरिय | 25/1 | जिहिं | सा0 14/28 |

| स्वर | प्राथमिक स्थिति | | माध्यमिक स्थिति | | अन्तिम स्थि |
|---|---|---|---|---|---|
| ई | ईमान | प0 172/4 | अमीता | प0 64/4 | अढ़ाई प0 । |
| ईं | ईंधन | सा0 31/28/1 | ठींकुली | सा0 12/6/1 | माँहीं प0 4 |
| उ | उदर | र 5/1 | तरउवा | प0 121/3 | सटोरड सा0 |
| उं | उंदरो {जन्तुविशेष} प0 114/6 | | कुंवरो | सा0 15/73/1 | गाउंप |
| ऊ | ऊसर | सा0 22/7/2 | तूमरिया | सा0 20/5/1 | जनेऊ र0 6 |
| ऊं | ऊंच | प0 196/5 | सूंघत | प0 2/4 | उनहूं प0 4 |
| ए | एर | र0 08/4 | कतेब | प0 181/2 | पढ़ाए प0 2 |
| एं | -- | | दहेंड़िया | प0 131/7 | लिएं सा0 |
| ऐ | ऐसा | सा0 5/4/1 | अवेगो | प0 12/1 | अंचवै प0 |
| ऐं | ऐड़ो | प0 73/2 | भैंस | प0 116/5 | कैसैं प0 । |
| ओ | ओट | सा0 14/19/1 | गोवरधन | प0 165/8 | संजमो प0 8 |
| ओं | ओंरार | 2/1/1 | ठोंकि | सा0 15/20/2 | बड़ों सा0 |
| औ | औझड़ | सा016/27/2 | भीजलवौं | 37/2 | माघौ प0 4 |
| औं | आंधा | सा0 9/38/1 | कानै | प0 158/5 | सरसौं सा0 |

स्वर-संयोग :--

कबीर ग्रन्थावली में दो से लेकर चार स्वरों तक का संयोग एक साथ मिलता है । इन स्वर-संयोगों में कहीं एक और कहींदो सानुन स्वरों के भी प्रयोग हुए हैं । प्रस्तुत अध्ययन में इस प्रकार के उदाहर भी निरनुनासिक स्वर-संयोगों के साथ दिए जा रहे हैं सम्पूर्ण कबीर

ग्रन्थावली में 75 प्रकार के स्वर संयोग मिलते हैं जिनमें चार स्वरों का एक उदाहरण मिलता है और वह शब्द की अन्तिम स्थिति में।

तीन स्वरों के अन्तिम स्थिति में मिलने वाले स्वर संयोग 16 हैं। दो स्वरों के संयोग प्राथमिक स्थिति में 3, माध्यमिक स्थिति में 20, तथा अन्तिम स्थिति में 35 स्वर संयोग हैं। इनका विवरण निम्नलिखित है।

चार स्वरों का स्वर संयोग अन्तिम स्थिति में :--

| | | |
|---|---|---|
| इ अ इ ए | पतिअइए | प0 29/4 |

तीन स्वरों का संयोग अन्तिम स्थिति में :--

| | | | |
|---|---|---|---|
| अइए | जइए | प0 | 123/4 |
| अइऐ | पइई | प0 | 77/1 |
| अईआ | भईआ | प0 | 135/6 |
| आइए | बजाइए | सा0 | 1/5/2 |
| आइऐ | पाइऐ | प0 | 173/1 |
| इआइ | पतिआइ | सा0 | 7/10/1 |
| इआउ | निआउ | प0 | 183/1 |
| इआए | पीआएँ | प0 | 168/4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| इएए | सेइए | प० | 101/1 |
| इएउ | किएउं | प० | 11/3 |
| आइए | रोइए | सा० | 19/3/1 |
| आइऐ | रोइऐ | प० | 55/5 |
| अइआ | समाइआ | सा० | 7/3/1 |
| अउआ | काउआ | प० | 28/4 |
| आइऐ | खाइये | प० | 38/3 |

दो स्वरों का संयोग

प्राथमिक स्थिति में :---

| | | | |
|---|---|---|---|
| अऊ | अऊत {पुत्रहीन} | सा० | 4/38/2 |
| आइ | आइया | सा० | 10/13/1 |
| आऊ | आऊंगा | प० | 19/3/1 |

माध्यमिक स्थिति में :---

| | | | |
|---|---|---|---|
| अइ | जइयौ | प० | 88/8 |
| अउ | पउदे | प० | 130/4 |
| अउं | बदउंगा | प० | 178/4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| आइ | पाइया | सा0 | 19/12/2 |
| आइँ | गुसाइँनि | प0 | 24/2 |
| आइँ | डाँइनि | प0 | 2/5 |
| आई | जाईले | प0 | 156/4 |
| आउ | जुझाउर | प0 | 59/3 |
| आउँ | जाऊँगा | प0 | 193/1 |
| आए | चराएहु | प0 | 188/8 |
| इअ | जिअत | प0 | 124/1 |
| इआ | पखिआरी | प0 | 162/6 |
| इआँ | गिआँन | प0 | 133/9 |
| इ उ | पिउरिया | प0 | 136/1 |
| इउँ | चिउँटी | सा0 | 10/8/1 |
| इऊँ | जिऊँगा | प0 | 193/1 |
| इए | किएहु | प0 | 89/4 |
| उअ | सुअरा | प0 | 11/4/6 |
| उआ | सुआर (ग्वाल) | प0 | 188/7 |
| एइ | लेइहै | सा0 | 21/12/2 |

अन्तिम स्थिति में :--

| | | | |
|---|---|---|---|
| अइ | कह | प0 | 140/1 |
| अइं | लहरइं | प0 | 36/5 |
| अईं | गईं | सा0 | 16/34/2 |
| अंई | झंई | प0 | 177/12 |
| अउ | भूलउ | प0 | 190/5 |
| अउं | डरउ | प0 | 135/3 |
| अऊ | तऊ | प0 | 155/14 |
| अऊं | तऊं ॥नवो॥ | प0 | 69/2 |
| अए | गए | सा0 | 30/12/1 |
| अएं | पठएं | प0 | 53/5 |
| आइ | उहराइ | सा0 | 10/8/1 |
| आई | काइं ॥क्यों॥ | सा0 | 30/6/2 |
| आईं | ठाईं | सा0 | 4/4/1 |
| आउ | नाउ | प0 | 88/6 |
| आउं | कराउं | सा0 | 8/12/2 |
| आऊ | बटाऊ | सा0 | 14/3/2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| आऊं | छुवाऊं | प० | 160/8 |
| जाऊं | पाऊं | सा० | 2/24/2 |
| इअ | जिअ | प० | 31/2 |
| इआ | मिलिआ | सा० | 25/19/1 |
| ईआ | बीआ | प० | 185/4 |
| ईउ | जीउ | प० | 187/3 |
| उइं | मुइं | प० | 146/6 |
| उए | मुए | सा० | 31/12/2 |
| अई | अई | सा० | 31/2/2 |
| अए | मूए | प० | 85/7 |
| एह | देह | प० | 148/6 |
| एई | तेई | सा० | 31/12/2 |
| ओ आ | रोआ | प० | 60/6 |
| ओउ | दोउ | र० | 6/7 |
| आए | खोए | सा० | 18/37/1 |
| आऊ | रोऊं | सा० | 21/14/1 |

व्यंजन ध्वनिग्राम वितरण :--

व्यंजनों शब्द के प्राथमिक, माध्यमिक, अन्तिम स्थितियों के वितरण नीचे दिए जा रहे हैं, लेकिन अन्तिम स्थिति में इन व्यंजनों की उपस्थिति बहुत निश्चित नहीं है क्योंकि कबीर-ग्रन्थावली की भाषा छन्दोबद्ध भाषा है जिसमें छंद पूर्ति के लिए हृस्व ध्वनियों को दीर्घ और दीर्घ ध्वनियों को हृस्व बनाए रखकर तुकबन्दी बैठाया गया है। कबीर-ग्रन्थावली में शब्दों के व्यंजनांत मान लेने पर छंद पूर्ति या भाषा पूर्ति सम्भव नहीं है। अतएव छंद को आधार मानकर यही मानना पड़ेगा कि कबीर ग्रन्थावली में शब्द के अन्त में व्यंजन की उपस्थिति नहीं मानी जा सकती है। शब्दों के स्वरान्त ही मानना पड़ेगा। इन व्यंजनों का विवरण निम्नलिखित किया जा रहा है :--

| व्यंजन | आदिमस्थिति | माध्यमिक स्थिति | अन्तिमस्थिति |
|---|---|---|---|
| क | कबीर 1/11/2 | कुकड़ी 183/7 | एक प0 103/1 |
| ख | खसम सा0 7/5/1 | दुँखतर प0 9/5 | भुख प0 165/8 |
| ग | गदुचौ 19/2 | भंगत प0 33/6 | भंग र0 1/5 |
| घ | घर प0 173/4 | रघुनाथ प0 161/1 | अघ प0 145/7 |
| च | चरित र0 11/3 | कौचग सा0 1/13/2 | नीच प0 196/5 |
| छ | घर प0 131/8 | बदल प0 40/9 | बद र0 20/7 |
| ज | जल सा0 33/6/2 | बाजन प0 138/4 | बाजसा 15/2/2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| झ | झल प0 134/8 | जुझाउर प0 59/3 | अबूझ सा0 14/6 |
| ट | टकसार सा0 9/41/2 | अटक प0 34/6 | बाट चौ0 16/2 |
| ठ | ठग प0 139/1 | अटसठि प0 171/4 | अठ प0 31/2 |
| ड | अं डर र0 18/1 | नोडर सा0 30/24/1 | खड प0 34/11 |
| ढ़ | ढ़ांक सा0 4x1/1 | ढंठोरतां सा0 9/32/2 | -- |
| ड़ | -- | मुड़ावत सा0 25/29/1 | मूड़ सा0 25/29/1 |
| ढ़ | -- | चढ़ाई सा0 24/16/1 | गढ़चौ0 19/2 |
| ण | णाणा-चौ0 201 | रणि चौ0 201 | गण प0 133/4 |
| त | तन सा0 13/50/2 | पतित प0 205 | बागत प0 73/3 |
| थ | थोथरा सा0 32/3/2 | थोथरा 32/3/2 | नाथ प0 14/31 |
| द | दिढ़ प0 10/10 | पदारथ प0 45/6 | भेद चौ0 29/2 |
| ध | धीर प0 43/8 | बधिक सा0 5/6/2 | साध प0 44/5 |
| न | निगार र0 11/7 | निगार र0 11/6 | निरगुन सा0 28/82 |
| प | परम चौ0 10/2 | पापी सा0 27/31 | पाप 2011/2 |
| फ | फल सा0 32/10/2 | नफ सा0 6/10/1 | --- |
| ब | बालक प0 37/5 | बबूर 131/3 | सब सा0 32/12/2 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| भ | भोजन 24/6/2 | भभूत सा0 31/28/2 | गरम र0 4/3 |
| म | मन सा0 32/5/1 | मुसलमान प0 128/10 | भरम प0 50/4 |
| य | युग सा0 21/26/1 | दहेंड़िया प0 131/6 | माय प0 123/7 |
| र | रामं सा0 33/6/1 | सरग प0 19/4/2 | समुन्दर सा0 227/ |
| ल | लहंग प0 87/7 | लालच सा0 1/171 | फल सा0 32/10/ |
| व | वार प0 133/10 | भुवन चौ0 21/1 | देव प0 94/5 |
| ष | षट प0 80/3 | औषद प0 8/3 | विष सा0 5/121 |
| स | सतगुरु सा0 1/31/1 | ससुर प0 135/3 | मानुष 16/21/1 |
| ह | हहि प0 38/4 | मोहिं प0 39/10 | नेह सा0 22/141 |

## व्यंजन संयोग

कबीर ग्रन्थावली में दो से लेकर तीन व्यंजनों का संयोग एक साथ मिलता है । ये संयोग प्राथमिक और माध्यमिक स्थितियों में ही मिलते हैं अन्तिम स्थिति में व्यंजन संयोग मिलने का प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि, जब शब्दान्त संयुक्त व्यंजन में होता है तो उसके अन्त में अ स्वर वर्तमान रहता है, ऐसा माना गया है ।

दो व्यंजनों का संयोग :--

प्राथमिक स्थिति उस स्थिति में व्यंजन का क्रम व्यंजन + य, र, व और ह है ।

व्यंजन + य

य के साथ प्राथमिक स्थिति में केवल क, ग, छ, ज, त, द, ध, न, प, ब, म और स के संयोग प्राप्त होते हैं :--

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क् + य | क्वारी | सा0 | 29/11/2 | | | |
| ग् + य | ग्यान | सा0 | 1/16/1 | | | |
| छ् + य | छ्यानवे | सा0 | 66/4 | | | |
| ज् + य | ज्यूं | प0 | 51/2 | | | |
| त् + य | त्यागी | प0 | 94/4 | | | |
| द् + य | द्यौस | सा0 | 15/38/2 | | | |
| ध् + य | ध्यान | प0 | 56/3 | | | |
| न् + य | न्याह | सा0 | 11/3/2 | | | |
| प् + य | प्यारे | प0 | 15/10, | प्यास | प0 | 2/3 |
| ब् + य | ब्याज | सा0 | 19/2 | ब्यापक | प0 | 17/ |
| म् + य | म्याने | प0 | 87/6 | | | |
| स् + य | स्यार | प0 | 120/5, | स्याम | प0 | 87/ |

व्यंजन र के साथ -- क, ग, त, द, ध, प, ब, भ, म, श, स और ह का संयोग हुआ है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क् + र | क्रोध | र | 17/4 |
| ग् + र | गृह | प० | 155/6 |
| त् + र | त्रेता | प० | 143/5 |
| द् + र | द्रुगम | प० | 130/3 |
| ध् + र | ध्रिम | र० | 17/8 |
| प् + र | प्रभु | प० | 26/7 |
| ब् + र | ब्रत | सा० | 26/6/1 |
| भ् + र | भ्रम | प० | 190/4 |
| म् + र | म्रिग | प० | 94/8 |
| श् + र | श्री | प० | 10/8 |
| स् + र | स्त्री | प० | 130/6 |
| ह् + र | ह्रिदें | प० | 82/8 |

व्यंजन व के साथ क्, ग्, ज्, द्, स और ह का संयोग हुआ है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क + व | क्वारी | प० | 160/3 |
| ग + व | ग्वालन | र० | 3/4 |

व्यंजन र के साथ -- क, ग, त, द, ध, प, ब, भ, म, श, स और ह का संयोग हुआ है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क् + र | क्रोध | र | 17/4 |
| ग् + र | गृह | प० | 155/6 |
| त् + र | त्रेता | प० | 143/5 |
| द् + र | द्रुगम | प० | 130/3 |
| ध् + र | ध्रिम | र० | 17/8 |
| प् + र | प्रभु | प० | 26/7 |
| ब् + र | ब्रत | सा० | 26/6/1 |
| भ् + र | भ्रम | प० | 190/4 |
| म् + र | म्रिग | प० | 94/8 |
| श् + र | श्री | प० | 10/8 |
| स् + र | सत्री | प० | 130/6 |
| ह् + र | हिर्दे | प० | 82/8 |

व्यंजन व के साथ क्, ग्, ज्, द्, स और ह का संयोग हुआ है ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| क + व | क्वारी | प० | 160/3 |
| ग + व | ग्वालन | र० | 3/4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ज् + व | ज्वाला | सा० | 9/30/2 |
| द् + व | द्वापर | प० | 143/6 |
| स् + व | स्वाति | सा० | 9/18/1 |
| ह् + व | ह्वेला | प० | 166/6 |

माध्यमिक स्थिति :--

माध्यमिक स्थिति में लगभग सभी व्यंजनों का संयोग हुआ है। कबीर ग्रन्थावली की चौंतीसी रमैनी में विभिन्न वर्णों के द्योतित करने के लिए जिस 'ककहरा' की योजना मिलती है उसमें व, र, व, श, ह और व्यंजन वर्गों के प्रथम तीन नासिक्य ( ङ, ण ) व्यंजनों को छोड़कर शेष समस्थ व्यंजनों के द्वित्व मिल जाते हैं। य, श के लिए क्रमशः ज, स के दित्व प्रयुक्त हुए हैं। इसी प्रकार ङ और के लिए भी न का दित्व प्रयुक्त हुआ है। सा का ण हणा के रूप में उल्लेख हुआ है। इन द्वित्वों में क, ग, ज, ट, त, न, प, ल को छोड़कर शेष व्यंजनों के द्वित्वों का अन्यत्र उदाहरण नहीं मिलता।

| | | |
|---|---|---|
| कक्का | चा० | 6/1 |
| खख्खा | चौ० | 7/1 |
| घघ्घा | चौ० | 9/1 |

| | | |
|---|---|---|
| चच्चा | चौ0 | 11/1 |
| छछ्छा | चौ0 | 12/2 |
| जज्जा | चौ0 | 32/1 |
| झझ्झा | चौ0 | 14/1 |
| टट्टा | चौ0 | 16/1 |
| ठठ्ठा | चौ0 | 17/1 |
| डड्डा | चौ0 | 19/1 |
| तत्ता | चौ0 | 21/1 |
| थथ्था | चौ0 | 22/1 |
| दद्दा | चौ0 | 23/1 |
| धध्धा | चौ0 | 24/1 |
| नन्ना | चौ0 | 15/1 |
| सस्सा | चौ0 | 36/1 |

जिन व्यंजनों के द्वित्व अन्यत्र भी प्राप्त हैं उनके उदाहरण नीचे दिए हैं :--

| | | |
|---|---|---|
| झलक्के | सा0 | 29/17/2 |
| अग्गिन | सा0 | 2/20/2 |

| | | |
|---|---|---|
| लज्जा | प0 | 985 |
| हट्ट | सा0 | 1/15/2 |
| मरम्म | सा0 | 2/35/2 |

द्वित्व के अतिरिक्त माध्यमिक स्थिति में व्यंजन संयोगों में अधिकतर व्यंजन क्रम व्यंजन + य मिलता है तथा शेष में व्यंजन + अन्य व्यंजन क्रम है ।

व्यंजन + य ये के साथ ख्, ग्, च, ज्, ट, ड, ढ़, ण, त्, द्, ध्, न्, प्, भ, र, ल्, स् और ह संयुक्त हुए हैं ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ख् + य | देख्यों | प0 | 109/7 |
| ग् + य | ठग्यो | चौ0 | 17/2 |
| च् + य | रच्यो | प0 | 10/3 |
| ज् + य | तज्यो | प0 | 12/1 |
| त् + य | मृत्यु | र0 | 12/2 |
